■ कार्तिक कृष्ण - 10 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 105 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » बुधवार » 08-11-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 कांग्रेस शासित राज्यों में भ्रष्टाचार और अत्याचार का बोलबाला : नड्डा

6 हमास और इजराइल युद्ध जारी रखने पर आमदा

7 शुभमन गिल को डेट करने पर सारा अली खान ने तोड़ी चुप्पी



## फर्स्ट टेक

### वी के बिरदी होंगे कश्मीर के नए पुलिस महानिरीक्षक

**श्रीनगर/भाषा।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी वी के बिरदी को मंगलवार को कश्मीर क्षेत्र का पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) नियुक्त किया गया। एजीएमयूटी कैडर के 2003 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी बिरदी, विजय कुमार का स्थान लेंगे, जिन्हें जम्मू कश्मीर का एडीजीपी (कानून व्यवस्था) नियुक्त किया गया है। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने एक आदेश में कहा कि बिरदी को कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक के रूप में तैनात किया गया है। इसमें कहा गया है कि इसके अलावा, अधिकारी अगले आदेश तक आईजीपी सशस्त्र कश्मीर के पद का कार्यभार भी संभालेंगे।

### नाइजीरिया में इस्लामी विद्रोहियों ने 11 किसानों की हत्या की

**मैदुगुड़ी/एपी।** नाइजीरिया के उत्तरपूर्व में इस्लामी विद्रोहियों ने 11 किसानों की हत्या कर दी और कई अन्य किसानों को अगवा कर लिया। स्थानीय लोगों और अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। विश्लेषकों ने ऐसे हमलों की हालिया घटनाओं के मद्देनजर कहा कि ये घटनाएं पहले से ही बुरी तरह प्रभावित क्षेत्र में खाद्य आपूर्ति को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इलाके के निवासी डौडा इब्राहिम के मुताबिक, विद्रोहियों ने रविवार शाम को बोरनो राज्य के येरे जिले में अपने खेतों पर काम कर रहे किसानों पर हमला कर दिया और उनके सर कलम कर दिए। फिर वे गोलबारी कर दूसरों को घायल करते हुए भाग गए। डौडा ने कहा, मारे गए किसानों में से करीब छह लोग एक ही परिवार के सदस्य थे।

### उत्तरी माली में दो आईईडी विस्फोट में घायल हुए 22 शांतिरक्षक : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र/एपी।** उत्तरी माली में विद्रोहियों के एक गढ़ से निकल रहे संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षकों का काफिला शनिवार को दो बार 'इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) की चपेट में आया, जिससे 22 शांतिरक्षक घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने सोमवार को यह जानकारी दी। संरा के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि 31 अक्टूबर से किदेल में शांतिरक्षकों के अपने आधार शिविरों से लौटने के बाद से आईईडी की चपेट में आने की यह छठी घटना है, जिसमें कम से कम 39 शांतिरक्षक घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले बुधवार को आईईडी विस्फोट में आठ और शुक्रवार को तड़के आईईडी के धमाके में सात शांतिरक्षक घायल हुए थे। प्रवक्ता ने बताया कि उससे पहले दो आईईडी हमलों में कम से कम दो शांतिरक्षक घायल हुए थे।

| | |
|---|---|
| 07-11-2023 सूर्यास्त 5:40 बजे | 08-11-2023 सूर्योदय 6:05 बजे |
| BSE 64,942.40 (-16.29) | NSE 19,406.70 (-5.05) |
| सोना 6,353 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 78,000 रु. प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### कद की भद

है लोकतंत्र में नहीं खुदा,
कोई भी मंत्री या सांसद।
सब संविधान के हैं अधीन,
सबको है खबर सभी की हद।
करते विरोध जो जायज का,
कुछ वोटों का पा करके मद।
विस्मृत करके वे अपना कद,
उड़वाते हैं खुद की खुद भद।।

# कांग्रेस के सत्ता में आने पर आतंकवादियों और नक्सलियों के हौसले बुलंद हो जाते हैं : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सूरजपुर (छत्तीसगढ़)/भाषा।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर अंकुश लगाने में कथित विफलता को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि जब-जब यह पार्टी केंद्र में सत्ता में आती है तब तब आतंकवादियों और नक्सलियों के हौसले बुलंद हो जाते हैं।

मोदी ने राज्य के सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कथित महादेव ऐप सट्टा घोटाले को लेकर कहा कि वह गारंटी देते हैं कि भाजपा इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी कर देगी तथा कोई कितना भी बड़ा क्यों ना हो, उसे जेल जाकर अपनी जिंदगी गुजारनी होगी। इस मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए प्रधानमंत्री ने कहा 30 टका कक्का, खुले आम सट्टा। राज्य में बघेल कका के नाम से लोकप्रिय हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस की एक बड़ी नाकामी रही है। जब-जब कांग्रेस केंद्र की सत्ता में आती है तब तब देश में आतंकवादियों और नक्सलियों की हौसले बुलंद हो जाते हैं। कभी यहां, कभी वहां बम फटने की खबर आती है तो कभी मार-काट की खबर आती है। जिस-जिस राज्य में कांग्रेस सत्ता में होती है वहां अपराध का, लूटपाट का ही राज चलता है। उन्होंने राज्य में नक्सली हिंसा में मारे गए भाजपा कार्यकर्ताओं को याद करते हुए कहा, कांग्रेस सरकार नक्सली हिंसा को काबू करने में असफल रही है। बीते कुछ समय में भाजपा के कई कार्यकर्ताओं को हमसे छीना गया है। अभी कुछ दिनों पहले हमारे साथी को गोली मारकर उसका जीवन खत्म कर दिया गया। मोदी ने सभा में लोगों से सवाल किया, क्या आपको बम और बंदूक के साए में जीना है? उन्होंने कहा, कितना ही पैसा क्यों न हो, बेटा शाम को घर न लौटे, बेटे की लाश घर पर आए, तो उस पैसे का आप लोग क्या करेंगे ? इसलिए हर किसी की सुरक्षा बहुत जरूरी है और इसीलिए कांग्रेस को हटाना भी उतना ही जरूरी है।



# भारत ने 'प्रलय' मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बालासोर (ओडिशा)/भाषा।** भारत ने ओडिशा तट के पास अब्दुल कलाम द्वीप से सतह से सतह पर मार करने वाली कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (एसआरबीएम) 'प्रलय' का मंगलवार को सफल परीक्षण किया। एक रक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी देशों चीन एवं पाकिस्तान के साथ लगती भारत की सीमाओं पर रक्षा जरूरतों के मद्देनजर इस मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है।

अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न करीब नौ बजकर 50 मिनट पर प्रक्षेपित की गई मिसाइल ने अपने सभी मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। उन्होंने बताया कि समुद्र तट के पास कई उपकरणों ने इसके प्रक्षेपण पथ पर नजर रखी।

# रूस शीत युद्धकालीन सुरक्षा समझौते से बाहर हुआ

## संधि टूटने के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया

**मास्को/एपी।** रूस शीत युद्ध के दौर के एक अहम सुरक्षा समझौते से खुद के बाहर होने का इरादा जाहिर करने के आठ साल बाद मंगलवार को इससे अलग हो गया। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। 'यूरोप में पारंपरिक सशस्त्र बल संधि' की राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा निंदा करते हुए प्रस्तावित विधेयक को रूसी संसद 'ड्यूमा' के दोनों सदनों द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद यह घटनाक्रम हुआ। संधि का लक्ष्य पारस्परिक सीमाओं पर या उसके पास सैनिकों को जमा करने से शीत युद्ध के प्रतिद्वंद्वी देशों को रोकना था। संधि पर नवंबर 1990 में हस्ताक्षर किए गए थे लेकिन इसके दो साल बाद तक इसका पूर्ण अनुमोदन नहीं किया गया था। रूस और अमेरिका की भागीदारी वाले शीत युद्ध के दौर की कई बड़ी संधियों में से यह एक है, जिन्हें हाल में समाप्त किया गया है। रूस ने 2007 में अपनी भागीदारी रोक दी थी, और समझौते से पूरी तरह से बाहर होने के अपने इरादे की 2015 में घोषणा की थी। फरवरी 2022 में, मास्को ने पड़ोसी देश यूक्रेन में हजारों सैनिक भेजे थे।

# पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लोगों के उपयोग बंद करने पर निर्भर : उच्चतम न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिवाली समेत अन्य अवसरों पर पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध से संबंधी अदालती आदेशों का पालन करने का निर्देश देते हुए मंगलवार को कहा कि पूर्ण प्रतिबंध तब तक लागू नहीं किया जा सकता जब तक लोग पटाखों का उपयोग बंद करने का निर्णय नहीं ले लेते।

न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित करके जश्न मनाना पूरी तरह से 'स्वार्थी' होने जैसा है।



पीठ ने कहा,यदि आप ऐसा करते हैं तो आप स्वार्थी हो रहे हैं... आजकल बच्चे ऐसा नहीं करते, बल्कि बुजुर्ग अधिक पटाखे चला रहे हैं।

शीर्ष अदालत ने कहा कि लोगों ने जो कुछ भी (पटाखे) खरीदा है उसे फोड़ देंगे। यह एक गलत धारणा है कि जब पर्यावरणीय मामलों की बात आती है तो यह केवल अदालत का कर्तव्य है।

पीठ ने आगे कहा,आतिशबाजी को एक निश्चित समय तक सीमित करने से भी प्रदूषण खत्म नहीं होगा, बल्कि लोगों को संवेदनशील बनाना महत्वपूर्ण है।

पीठ ने कहा,वायु और ध्वनि प्रदूषण का प्रबंधन करना हर किसी का काम है। शीर्ष अदालत ने अर्जुन गोपाल और अन्य द्वारा दायर एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा, उत्सव कभी भी प्रदूषण फैलाने के बारे में नहीं हो सकता है। उत्सव केवल तभी किया जा सकता है जब आप जो कुछ आपके पास है उसे साझा करें। पर्यावरण को प्रदूषित करके नहीं।

## अलीगढ़ नगर निगम ने किया

# अलीगढ़ का नाम बदलकर 'हरिगढ़' करने का प्रस्ताव पारित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अलीगढ़ (उप्र)/भाषा।** अलीगढ़ नगर निगम ने अलीगढ़ जिले का नाम बदलकर 'हरिगढ़' करने का एक प्रस्ताव पारित किया है। नगर निगम के आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षद संजय पंडित ने सोमवार को निगम की बैठक में अलीगढ़ का नाम बदलकर हरिगढ़ रखने का प्रस्ताव पेश किया था जिसे पारित कर दिया गया। उनके अनुसार अब इसे राज्य सरकार के पास विचार के लिए भेजा जाएगा।

अलीगढ़ का नाम बदलने की कवायद इससे पहले भी हो चुकी है। तब जिला पंचायत ने अलीगढ़ का नाम हरिगढ़ रखने का प्रस्ताव पारित किया था।

इसी साल 21 अगस्त को पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित हिन्दू गौरव दिवस कार्यक्रम के लिए अलीगढ़ आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष कुछ वरिष्ठ मंत्रियों ने यह मुद्दा रखा था।

## अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया

# जब 26/11 हमला हुआ तो सोनिया के कहने पर मनमोहन 'साइलेंट मोड' में चले गए थे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मुंबई पर 26/11 के आतंकवादी हमलों के दौरान पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की सलाह पर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह साइलेंट मोड में चले गए थे और उन्होंने हमलों का प्रभावी ढंग से जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि भारत अब एक ऐसे देश के रूप में उभरा है जो दूसरे देशों को मदद मुहैया कराता है जबकि पहले ऐसा नहीं था।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने यहां से लगभग 200 किमी दूर, गरीब बुंदेलखंड क्षेत्र में, सागर जिले के खुरई में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह देश की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब 26/11 का हमला हुआ तो मनमोहन 'साइलेंट मोड' में चले गए थे और 'मौनी बाबा' बन गए थे। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी (तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष) ने उनसे कुछ भी न करने को कहा था।

हथियारों से लैस पाकिस्तान के दस आतंकवादियों ने 26 नवंबर, 2008 को मुंबई पर हमला किया और तीन दिनों तक तबाही मचाई, जिसमें सुरक्षा कर्मियों और विदेशी नागरिकों सहित 166 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

# 180 करोड़ मूल्य का 'मेफेड्रोन' जब्त

**वापी (गुजरात)/भाषा।** गुजरात के वलसाड में वापी औद्योगिक क्षेत्र में एक कारखाने पर छापेमारी के दौरान राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने 180 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ 'मेफेड्रोन' जब्त किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में कहा गया है कि वापी के गुजरात औद्योगिक विकास निगम (जीआईडीसी) क्षेत्र में स्थित प्राइम पॉलिमर इंडस्ट्रीज के कारखाने में प्रतिबंधित मादक पदार्थ बनाए जाने की गुप्त सूचना मिलने के बाद डीआरआई ने पांच नवंबर को छापेमारी की और तरल रूप में 121.75 किलोग्राम 'मेफेड्रोन' जब्त किया। कंपनी के मालिक राजू सिंह, अकाउंटेंट केयूर पटेल और कर्मचारी कुंदन यादव को गिरफ्तार किया गया।

# चीता, चेतक हेलीकॉप्टर को सेवा से हटाने पर विचार कर रही है सेना

■ भारतीय सेना को टोही और निगरानी गतिविधियों के लिए लगभग 250 हल्के हेलीकॉप्टर की आवश्यकता है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सेना चीता और चेतक हेलीकॉप्टरों के अपने पुराने बेड़े को 2027 से चरणबद्ध तरीके से सेवा से हटाने पर विचार कर रही है और इनके स्थान पर लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर को शामिल करने के साथ-साथ पट्टे पर लेने के विकल्प तलाशने पर विचार कर रही है। यह जानकारी सूत्रों ने दी।

सूत्रों ने बताया कि आर्मी एविएशन कोर वर्तमान में लगभग 190 चेतक, चीता और चीतल हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल कर रही है। सेना को लगभग 100 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच) मिलेंगे, साथ ही वह अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए हेलीकॉप्टर लीज पर लेने के विकल्प पर भी विचार कर रही है। एक सूत्र ने कहा, ''हमें टोही और निगरानी गतिविधियों के लिए लगभग 250 हल्के हेलीकॉप्टर की आवश्यकता है। इनमें से लगभग 100 से अधिक लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर होंगे और एचएएल के पास आज की क्षमता को देखते हुए, हमें चीता और चेतक के पूरे बेड़े को बदलने के लिए वैकल्पिक साधनों पर भी विचार करना होगा।''

एलयूएच का निर्माण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) करता है। सूत्र ने कहा, ''हम कुछ अन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, जैसे पट्टे के विकल्प, जिसके तहत हम कुछ वर्षों के लिए कुछ हेलीकॉप्टर पट्टे पर लेते हैं, और बाद में यदि एचएएल शेष संख्या का निर्माण करने में सक्षम होता है, तो शायद हम एचएएल से भी ले सकते हैं।

# इजरायली सेना ने हमास के सैन्य गढ़ पर कब्जा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गाजा/वार्ता।** इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों में उत्तरी गाजा पट्टी में हमास आंदोलन के एक सैन्य गढ़ पर नियंत्रण कर लिया है।

यह जानकारी इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने मंगलवार को दी। आईडीएफ ने सोशल मीडिय टेलीग्राम पर लिखा, पिछले दिनों, आईडीएफ सैनिकों ने उत्तरी गाजा पट्टी में हमास आतंकवादी संगठन से संबंधित एक सैन्य गढ़ को सुरक्षित कर लिया। टैंक रोधी मिसाइलें और लांचर, हथियार और विभिन्न खुफिया सामग्री सैनिकों द्वारा परिसर में स्थित थीं।




## 'इजराइल अनिश्चित काल तक गाजा की 'समग्र सुरक्षा' करेगा'

**खान यूनिस (गाजा पट्टी)/एपी।** हमास के साथ युद्ध के एक महीना पूरा होने पर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इस युद्ध के बाद इजराइल गाजा में अनिश्चित काल तक के लिए समग्र सुरक्षा जिम्मेदारी लेगा। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इजराइल की तटीय पट्टी पर कब्जा करने की योजना है। नेतन्याहू ने 'एबीसी न्यूज' से साक्षात्कार में कहा कि वह हमलों को थोड़ी-थोड़ी देर के लिए रोकने को तैयार हैं, ताकि हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमले के दौरान बंधक बनाए गए 240 से अधिक लोगों की रिहाई सुनिश्चित की जा सके। नेतन्याहू ने सोमवार को प्रसारित साक्षात्कार में सभी बंधकों की रिहाई के बिना संघर्ष विराम की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया।



## हमास ने पांच बंधकों को मुक्त किया

**यरूशलम/एपी।** हमास ने पांच बंधकों को मुक्त कर दिया है। ऐसे में 200 से अधिक अन्य बंधकों के परिवार वालों के मन में भी उम्मीद की किरण जगी है। सात अक्टूबर को दक्षिण इजराइल पर चरमपंथियों ने हमले के बाद सैकड़ों लोगों को बंधक बना लिया था। हालांकि, बंधकों के परिजनों के मन में अब भी कई सवाल हैं। उनका कहना है कि बंधकों को रिहा करने में इतनी देरी क्यों हो रही है और क्यों कुछ ही लोगों को रिहा किया जा रहा है? उनके मन में इस बात का भी डर है कि कहीं इजराइल की ओर से गाजा पट्टी पर की जा रही बमबारी उनके प्रियजनों के लिए खतरा न बन जाये। इजराइल ने 30 अक्टूबर को पहली बार एक बंधक को मुक्त कराये जाने की औपचारिक घोषणा की थी। हमास ने हाल ही में जिन लोगों को मुक्त किया उसमें 59 वर्षीय अमेरिकी जूडिथ रानान और उनकी 18 वर्षीय बेटी नताली शामिल हैं।




# अमेरिकी खगोलवैज्ञानिकों ने सबसे पुराना ब्लैक होल खोजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लॉस एंजल्स (अमेरिका)/वार्ता।** अमेरिकी खगोलवैज्ञानिकों की एक टीम ने अंतरिक्ष में एक्स-रे के माध्यम से सबसे पुराना ब्लैक होल खोज निकाला है।

नासा ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह खोज उसके दूरबीन की मदद से की गयी है। उसने कहा है कि यह ब्लैक होल अपने विकासक्रम में प्रारंभिक चरण में है और इस तरह की खगोलीय घटना इससे पहले नहीं देखी गयी है। इसका द्रव्यमान उस आकाशगंगा के द्रव्यमान के बराबर है, जिसमें यह ब्लैक होल स्थित है।

नासा ने कहा है कि खगोल अनुसंधान कर्ताओं के एक दल ने नासा की चंद्र एक्स-रे वेधशाला और जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (दूरबीन) से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण कर बिगबैंग (महाविस्फोट) से मात्र 47 करोड़ वर्ष बाद इस बनते ब्लैक होल के साक्ष्य एकत्रित किये हैं।

# कांग्रेस और बीआरएस का डीएनए समान है : प्रधानमंत्री मोदी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव नीत सरकार और कांग्रेस को मंगलवार को पिछड़ा वर्ग विरोधी करार दिया और कहा कि कांग्रेस तथा भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के डीएनए में तीन बातें समान हैं और वे हैं: वंशवादी शासन, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण।

प्रधानमंत्री ने यहां एलबी स्टेडियम में 'बीसी (पिछड़ा वर्ग)आत्म गौरव सभा' में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में तेलंगाना में पिछड़ा वर्ग विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि वंशवादी प्रकृति वाली कांग्रेस और बीआरएस कभी भी पिछड़ा वर्ग से ताल्लुक रखने वाले नेता को तेलंगाना का मुख्यमंत्री नहीं बनाएगी। मोदी ने कहा कि कांग्रेस, बीआरएस की सी टीम है और दोनों का डीएनए समान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीआरएस पार्टी कांग्रेस द्वारा पिछले सात दशक में बनाए गए वंशवादी शासन और भ्रष्टाचार के मॉडल पर ही चल रही है। मोदी ने याद किया कि उन्होंने जब 2014 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत की थी, तो इसी स्टेडियम से जनसभा को संबोधित किया था।

उन्होंने कहा, मैं आज दृढ़ता से कह सकता हूं कि तेलंगाना का पिछड़ा वर्ग से ताल्लुक रखने वाला पहला मुख्यमंत्री यहां से होगा। उन्होंने कहा, बीआरएस और कांग्रेस अलग-अलग नहीं है, बल्कि दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं...। मोदी ने कहा कि बीआरएस का भ्रष्टाचार दिल्ली आबकारी नीति मामले से भी जुड़ा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और जिन लोगों ने जनता को लूटा है, उन्हें कीमत चुकानी पड़ेगी और यह मोदी की गारंटी है।

## भारत का इस्पात का शुद्ध आयातक होना चिंता का विषय : टाटा स्टील सीईओ



**नई दिल्ली/भाषा।** टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने मंगलवार को कहा कि भारत का इस्पात का शुद्ध आयातक होना चिंता का विषय है।

नरेंद्रन ने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय इस्पात संघ के सम्मेलन में कहा, सरकार ने भरोसा दिलाया है कि अगर आयात बढ़ता रहा, तो वह हस्तक्षेप करेगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह थोड़ी चिंता की बात है क्योंकि चीन की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस्पात की कीमतें अभी भी थोड़ी नरम हैं... आपने (वाणिज्य) मंत्री पीयूष गोयल को यह कहते हुए सुना है कि अगर आयात बढ़ता है, तो सरकार इसपर विचार करेगी कि वह मदद के लिए क्या कर सकती है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को घरेलू उद्योग को भरोसा दिलाया कि भारत यूरोपीय संघ के कॉर्बन कर को स्वीकार नहीं करेगा, क्योंकि यह अनुचित है।

गोयल ने कहा कि भारत पहले ही यूरोपीय संघ और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में कार्बन कर पर अपनी चिंता जता चुका है।

कॉर्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) या कार्बन कर (एक तरह का आयात शुल्क) एक जनवरी, 2026 से लागू होगा। लेकिन सात कॉर्बन गहन क्षेत्रों मसलन इस्पात, सीमेंट, उर्वरक, एल्युमीनियम और हाइड्रोकॉर्बन उत्पाद से जुड़ी घरेलू कंपनियों को इस साल एक अक्टूबर से ही कॉर्बन उत्सर्जन के आंकड़ों को यूरोपीय संघ के साथ साझा करना है।


## राहुल ने केदारनाथ में वरुण गांधी से मुलाकात की



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और उनके चचेरे भाई तथा भाजपा सांसद वरुण गांधी ने मंगलवार को केदारनाथ मंदिर के दर्शन के दौरान संक्षिप्त मुलाकात की। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। दोनों भाइयों की सार्वजनिक रूप से मुलाकात बहुत कम देखी गई है। देश के प्रमुख राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले दोनों चचेरे भाइयों की मुलाकात ने वरुण गांधी के राजनीतिक भविष्य को लेकर कुछ हलकों में अटकलें शुरू कर दी हैं।

संजय गांधी और मेनका गांधी के पुत्र वरुण गांधी को हाल के महीनों में भाजपा की प्रमुख बैठकों में नहीं देखा गया है और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनकी राय पार्टी से अलग रही है। वह उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से लोकसभा सदस्य हैं। सूत्रों ने बताया कि गांधी परिवार के दोनों सदस्यों ने पवित्र मंदिर के बाहर संक्षिप्त मुलाकात की और एक-दूसरे का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि मुलाकात बहुत छोटी और गर्मजोशी भरी थी। सूत्रों ने कहा कि राहुल गांधी इस दौरान वरुण की बेटी से मिलकर बहुत खुश हुए।

## विजयन ने इजराइल-फलस्तीन संघर्ष पर कहा, नरसंहार जैसी आक्रामकता पर तटस्थ नहीं रहा जा सकता



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को फलस्तीन के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त की और कहा कि जब लोगों का एक वर्ग नरसंहार जैसी आक्रामकता का सामना कर रहा हो तो कोई तटस्थ नहीं रह सकता। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इजराइल अमेरिका के समर्थन से फलस्तीन को निशाना बना रहा है।

विजयन ने कहा, हमारे फलस्तीनी भाई पीड़ित हैं। हम सभी जानते हैं कि अमेरिका के समर्थन से इजराइल फलस्तीन को निशाना बना रहा है और वहां के लोगों को नरसंहार जैसी आक्रामकता का सामना करना पड़ रहा है। हम तटस्थ रुख नहीं अपना सकते। हमें फलस्तीन के लोगों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करने की जरूरत है। वह 'केरलियम' 2023 उत्सव के समापन समारोह में बोल रहे थे जिसमें राज्य की प्रगति, उपलब्धियों और सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने प्रदर्शित किया गया। विजयन ने यहां सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की व्यापक भागीदारी से पता चलता है कि 'केरलियम' एक बड़ी सफलता रहा।

## अदालतें जमानत स्वीकार या अस्वीकार करने के बुनियादी सिद्धांत को भूल गई हैं : न्यायमूर्ति लोकुर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश मदन बी लोकुर ने कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि अदालतें जमानत को स्वीकार या अस्वीकर करने के बुनियादी सिद्धांतों को भूल गई हैं।

न्यायमूर्ति लोकुर ने आरोपियों को जेल में रखने के लिए दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने और अधूरे आरोप पत्र दाखिल करने जैसे तरीकों के पीछे जांच एजेंसियों की मंशा को समझने में न्यायपालिका की अनिच्छा को सबसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका को जीवन की वास्तविकताओं को लेकर जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नेताओं से जुड़े भ्रष्टाचार के हर मामले में राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाना बहुत मुश्किल है, लेकिन तब संदेह पैदा होता है, जब संदिग्ध की वफादारी बदल जाने पर जांच छोड़ दी जाती है। न्यायमूर्ति लोकुर ने आप के नेता मनीष सिसोदिया को जमानत नहीं दिए जाने से जुड़े सवाल के जवाब में कहा, आम तौर पर कहें तो ऐसा लगता है कि अदालतें जमानत स्वीकार या अस्वीकार करने के बुनियादी सिद्धांतों को भूल गई हैं। आजकल यदि किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाता है, तो आपको इतना पक्का पता होता हैं कि वह कुछ महीनों के लिए जेल में रहेगा। उन्होंने कहा, पुलिस पहले व्यक्ति को गिरफ्तार करती है फिर गंभीर जांच शुरू करती है। एक अधूरा आरोप पत्र दाखिल किया जाता है और उसके बाद एक पूरक आरोप पत्र दाखिल किया जाता है और दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते।



## तेलंगाना चुनावः कांग्रेस ने ही संसदीय चुनाव में आंबेडकर को हराया थाः केसीआर का आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नूर (तेलंगाना)/भाषा।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने मंगलवार को आरोप लगाया कि यह कांग्रेस पार्टी थी जिसने संसदीय चुनाव (1950 के दशक में) में डॉ बी आर आंबेडकर को हराया था तथा उनकी पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) दलितों के कल्याण के लिए खड़ी है।

राव ने यहां एक चुनावी रैली में कहा कि यह उनकी सरकार थी जिसने राजधानी हैदराबाद में राज्य सचिवालय के पास आंबेडकर की दुनिया की सबसे ऊंची 125 फुट की प्रतिमा स्थापित की और अनुसूचित जाति के उत्थान के लिए दलित बंधु जैसी योजनाएं भी शुरू कीं।

केसीआर ने पार्टी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगते हुए लोगों से कहा कि वे अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने से पहले राजनीतिक दलों के कार्य निष्पादन रिकॉर्ड से अवगत रहें, क्योंकि वोट अगले पांच वर्षों के भाग्य का फैसला करेगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, दलितों को (अन्य दलों द्वारा) वोट-बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया। बीआरएस सरकार तब तक काम करेगी जब तक कि अंतिम दलित परिवार को दलित बंधु का लाभ नहीं मिल जाता। आंबेडकर ने दलितों के लिए बहुत संघर्ष किया। यह कांग्रेस पार्टी ही थी जिसने (पहले) संसदीय चुनावों में उनकी हार सुनिश्चित की थी। संसदीय चुनाव में आंबेडकर को किसने हराया, इसका इतिहास आपको जानना चाहिए। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें हराया और उनकी विचारधारा को लागू नहीं किया।

भाजपा पर हमला करते हुए राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हवाई अड्डों, बंदरगाहों, रेलवे और कोयला खदानों को भी बेच रही है।

राव ने कहा कि यह उनकी सरकार थी जिसने एससीसीएल के मुनाफे को बढ़ाया। जनसभा में ज्यादातर सिंगरेनी कोइलीरीज कंपनी लिमिटेड के श्रमिक और कर्मचारी शामिल थे।

राव ने आरोप लगाया, यह अक्षम और बेकार कांग्रेस सरकार (पूर्ववर्ती) कंपनी (एससीसीएल) को चलाने में असमर्थ थी। इसने (तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने) केंद्र से ऋण लिया और चूंकि यह ऋण चुका नहीं सकी, इसलिए उन्होंने 49 प्रतिशत हिस्सेदारी केंद्र को बेच दी। आप लोगों को पूछना चाहिए कि केंद्र को 49 प्रतिशत हिस्सेदारी किसने दी। उन्होंने कहा कि बीआरएस पार्टी का गठन तेलंगाना राज्य का दर्जा हासिल करने और जनादेश मिलने पर इसका विकास करने के एकमात्र उद्देश्य के साथ हुआ था।

## राजनीतिक लाभ पाने के लिए फलस्तीन मुद्दे का प्रयोग कर रही माकपा : नेता प्रतिपक्ष सतीशन



**मलाप्पुरम (केरल)/भाषा।** केरल में यूडीएफ गठबंधन के सदस्यों को लुभाने के सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कथित प्रयासों के बीच राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीशन ने कांग्रेस की सहयोगी आईयूएमएल के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की और वाम दल पर राजनीतिक लाभ पाने के लिए फलस्तीन मुद्दे का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। सतीशन ने मलाप्पुरम जिले के पनाक्कड़ में आईयूएमएल के प्रदेश अध्यक्ष सैय्यद सादिक अली शिहाब थंगल के आवास पर उनकी पार्टी के नेताओं से मुलाकात की। मुलाकात के बाद सतीशन संवाददाताओं से मिले और केरल में सत्तारूढ़ माकपा पर विपक्षी गठबंधन के सदस्यों को पार्टी से तोड़ने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

## आयकर विभाग ने सोम समूह के खिलाफ कई राज्यों में छापेमारी की

**नई दिल्ली/भाषा।** शराब निर्माण एवं बिक्री के क्षेत्र में अग्रणी सोम समूह के खिलाफ कर चोरी की जांच के तहत आयकर विभाग ने मंगलवार को कई राज्यों में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच के तहत मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली एवं कर्नाटक में करीब 40-50 परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। मध्य प्रदेश में भोपाल और पास के रायसेन जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की जा रही है जहां कारोबारी घराने के कई बड़े प्रतिष्ठान हैं। सूत्रों ने कहा कि कर विभाग कंपनी में कुछ विदेशी स्रोतों सहित धन के निवेश के आरोपों पर गौर कर रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग समूह की कंपनियों में कुछ कथित बेनामी निदेशकों के होने के आरोपों की भी जांच कर रहा है। समूह का अपना 'बॉटलिंग प्लांट' (बोतल निर्माण एवं उसमें शराब भरने का कार्य करने के लिए संयंत्र) है और यह शराब पेय पदार्थों के निर्माण, विपणन, बॉटलिंग, लेबलिंग और वितरण में शामिल है। पीटीआई-भाषा की ओर से कंपनी को भेजे गए ईमेल के जवाब का इंतजार है।



## छत्तीसगढ़ की पहले चरण की 20 सीटों पर लगभग 71 प्रतिशत मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर/वार्ता।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के पहले चरण की घुर नक्सल इलाके की 10 सीटों सहित 20 सीटों पर मतदान आज शान्तिपूर्ण समाप्त हो गया। लगभग 71 प्रतिशत मतदान हुआ है।

राज्य निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कांकेर में 75.51 प्रतिशत, बस्तर में 72.41 प्रतिशत, बीजापुर में 40.98 प्रतिशत, मोहला मानपुर में 76 प्रतिशत, सुकमा में 50.12 प्रतिशत, कोण्डागांव में 75.35 प्रतिशत दंतेवाड़ा में 62.55 प्रतिशत तथा नारायणपुर में 63.88 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके साथ ही राजनांदगांव में 75.10 प्रतिशत, कबीरधाम में 72 प्रतिशत तथा खैरागढ़ में 76.31 प्रतिशत मतदान हुआ है। शाम पांच के बाद में भी कुछ मतदान केन्द्रों के परिसर में मतदाता मौजूद थे,इससे मतदान प्रतिशत और बढ़ने की संभावना है।

इस चरण में जिन प्रमुख नेताओं का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में कैद हो गया उसमें पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह भी शामिल है। उनकी हाई प्रोफाइल सीट राजनांदगांव में भी इस चरण मे मतदान हुआ। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की चित्रकोट सीट,राज्य के वरिष्ठ मंत्री मोहम्मद अकबर की सीट कवर्धा,वरिष्ठ मंत्री कवासी लखमा की सीट कोन्टा तथा वरिष्ठ मंत्री मोहन मरकाम की सीट कोन्डागांव में भी आज ही मतदान हुआ। भाजपा के चार वरिष्ठ नेताओं पूर्व मंत्री केदार कश्यप की सीट नारायणपुर,पूर्व मंत्री महेश गागड़ा की सीट बीजापुर तथा पूर्व मंत्री एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेन्डी की सीट कोन्डागांव में भी मतदान सम्पन्न हुआ।

## मुंबई में किशोर ने खड़ी ट्रेन के भीतर फंदा लगाकर जान दी

**मुंबई/भाषा।** मुंबई में बांद्रा टर्मिनस पर खड़ी एक एक्सप्रेस ट्रेन के अंदर 15 वर्षीय किशोर ने कथित तौर पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि लड़का रविवार रात स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-तीन पर खड़ी देहरादून एक्सप्रेस की बोगी नंबर एस-सात में फंदे से लटका मिला। उन्होंने बताया कि सोमवार को दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस अभी तक मृतक की पहचान नहीं कर पाई है और आत्महत्या की वजह का भी पता नहीं चल पाया है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर पता चला कि लड़का कई दिनों से वहां घूम रहा था।

## गोयल ने ईयू के कॉर्बन कर पर कहा, इस्पात, एल्युमीनियम उद्योग पर अनुचित कर स्वीकार नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा इस्पात जैसे कुछ क्षेत्रों से आयात पर कार्बन कर लगाने के फैसले पर गंभीर चिंता जताते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने घरेलू उद्योग को भरोसा दिलाया है कि भारत इस तरह के अनुचित कर को स्वीकार नहीं करेगा और उत्पादकों और निर्यातकों के संरक्षण के लिए कदम उठाएगा।

गोयल ने मंगलवार को यहां इस्पात उद्योग के एक कार्यक्रम में कहा कि भारत पहले ही यूरोपीय संघ और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में कार्बन कर पर अपनी चिंता जता चुका है।

कॉर्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) या कार्बन कर (एक तरह का आयात शुल्क) एक जनवरी, 2026 से लागू होगा। लेकिन सात कॉर्बन गहन क्षेत्रों मसलन इस्पात, सीमेंट, उर्वरक, एल्युमीनियम और हाइड्रोकॉर्बन उत्पाद से जुड़ी घरेलू कंपनियों को इस साल एक अक्टूबर से ही कॉर्बन उत्सर्जन के आंकड़ों को यूरोपीय संघ के साथ साझा करना है।

गोयल ने कहा, मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि हम सीबीएएम को लेकर अत्यंत चिंतित हैं। हम डब्ल्यूटीओ के साथ इसे काफी गंभीरता से उठा रहे हैं। हम भारतीय उत्पादकों तथा निर्यातकों के लिए इसे उचित बनाने के लिए संघर्ष करेंगे। सीबीएएम को लेकर कोई कोताही नहीं होगी। मंत्री ने कहा कि दुनिया को इस कर पर विचार करना होगा और भारत इस 'बहुत गंभीर' चिंता को दूर करने के लिए अन्य देशों को साथ लेगा। उन्होंने कहा, हम हमेशा नवोन्मेषी समाधान ढूंढेंगे लेकिन मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि देश भारतीय इस्पात या एल्युमीनियम उद्योग या किसी अन्य उद्योग पर लगाए जा रहे अनुचित कर या शुल्क को स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि इसको लेकर घबराने की जरूरत नहीं है, हम ऐसा समाधान तलाशेंगे जो आगे चलकर हमारे फायदे का होगा। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ को इस मुद्दे पर हमें 'साझा लेकिन अलग जिम्मेदारी' देनी होगी क्योंकि भारत एक विकासशील अर्थव्यवस्था है।

शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, पहली जनवरी, 2026 से यूरोपीय संघ में चुनिंदा आयात पर सीबीएएम 20 से 35 प्रतिशत कर में तब्दील हो जाएगा।

## गरीबों-जरूरतमंदों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं लागू कर रही है हरियाणा सरकार : खट्टर



**चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए कई योजनाएं लागू कर रही है। खट्टर ने अपने आधिकारिक आवास पर हिसार, सिरसा और फतेहाबाद जिले के प्रमुख व्यक्तियों की एक प्रमुख बैठक में कहा, हमने अंतिम छोर पर खड़े नागरिकों को योजनाओं का लाभ देना शुरू किया है ताकि वे मुख्यधारा में आ सकें और समृद्ध जीवन जी सकें। सरकार ने गरीबों और जरूरतमंदों को समय पर सहायता उपलब्ध कराकर उनका जीवन आसान बना दिया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, खट्टर ने कहा कि प्रमुख नागरिकों का समाज में महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा, वे सरकार और जनता के बीच सेतु की तरह हैं, इसलिए उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को जागरूक करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग उनका लाभ उठा सकें।

## ओबीसी नेताओं ने मराठा समुदाय को निशाना बनायाः जरांगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के नेता मराठा समुदाय के लोगों के खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराकर उन्हें निशाना बना रहे हैं और मराठा नेताओं को समुदाय के युवाओं के साथ खड़ा होना चाहिए।

महाराष्ट्र के मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के नेता छगन भुजबल ने सोमवार को कहा था कि ओबीसी वर्ग के तहत मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए पिछले दरवाजे से किए जा रहे प्रयास का विरोध किया जाएगा। उन्होंने मराठा आरक्षण आंदोलन के दौरान बीड के विभिन्न हिस्सों में हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाओं की जांच कराने की मांग की। भुजबल बीड जिले में राकांपा विधायकों प्रकाश सोलंके और संदीप क्षीरसागर के घर गए, जिन्हें पिछले सप्ताह हिंसा में निशाना बनाया गया था। जरांगे ने भुजबल के इस बयान के एक दिन बाद मंगलवार को दावा किया कि मंत्री ने मराठा समुदाय को निशाना बनाने के लिए बीड का दौरा किया। उन्होंने कहा, शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे मराठा लोगों पर मामले दर्ज किए जा रहे हैं। राज्य के मराठा नेताओं को इस पर ध्यान देना चाहिए और युवाओं के साथ खड़ा होना चाहिए। यदि आप आज उनके साथ खड़े नहीं हुए तो कल वे आपको माफ नहीं करेंगे। कार्यकर्ता ने कहा, इस हिंसा से मराठा समुदाय का कोई लेना-देना नहीं है। यह समुदाय के साथ खड़े होने का उचित समय हैं। हमें गांवों में आपके प्रवेश पर रोक लगाने के लिए मजबूर न करें। जरांगे ओबीसी श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग कर रहे हैं। भुजबल ने कहा था, बीड में एक होटल में दो पुलिसकर्मियों के सामने एक घंटे तक तोड़फोड़ की गई, जो तोड़फोड़ करने वालों को रोकने में असहाय थे। वरिष्ठ नेता जयदत्त क्षीरसागर के आवास को आग लगा दी गई, जबकि उन्होंने मराठा आरक्षण के मुद्दे पर कुछ नहीं कहा था। जरांगे ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि बीड के होटल में उसके मालिक को जानने वाले कुछ लोगों ने तोड़-फोड़ की थी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, मराठा शांतिपूर्वक विरोध कर रहे हैं और यह हमारे प्रदर्शन को बदनाम करने का एक प्रयास है। मुझे यह भी पता चला है कि मंत्री (भुजबल) ने बीड में पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की, उन्हें नामों की सूची दी और मराठा समुदाय को निशाना बनाने के लिए उन्हें गिरफ्तार करने के लिए कहा।

# तमिलनाडु के मंत्री ने श्रीलंका यात्रा खुद रद्द की थी, केंद्र को दोष क्यों? : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के उपाध्यक्ष नारायण तिरुपति ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार के मंत्री थंगम थेन्नारसु ने अपनी श्रीलंका यात्रा स्वेच्छा से रद्द की थी, जबकि केंद्र सरकार ने उन्हें 'नाम 200' कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए पड़ोसी देश जाने की इजाजत दे दी थी।

सत्तारूढ़ द्रमुक पर मूर्खतापूर्ण राजनीति करने का आरोप लगाते हुए तिरुपति ने कहा कि थंगम थेन्नारसु ने केंद्र की ओर से यात्रा को मंजूरी देने से पहले ही श्रीलंका के लिए विमान का टिकट रद्द करा दिया था।

तिरुपति ने यह भी कहा कि श्रीलंका की सरकार ने साफ तौर पर कहा है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन का वीडियो भाषण प्रसारित नहीं किया जा सका, क्योंकि यह देर से प्राप्त हुआ था।

वह राज्य सरकार के मंत्री के उन आरोपों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें थेन्नारसु ने कहा था कि उन्हें 'नाम 200' (हम 200) में शामिल होने के लिए एक नवंबर को रात साढ़े आठ बजे तक केंद्र सरकार से 'राजनीतिक मंजूरी' नहीं मिली, जिस वजह से उन्हें अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी। यह कार्यक्रम श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिलों (आईओटी) के आगमन की द्विशताब्दी पर आयोजित किया गया था।

मंत्री ने सोमवार को विरुदुनगर में पत्रकारों से बात करते हुए पूछा था कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री का वीडियो संबोधन क्यों प्रसारित नहीं किया गया?

मंत्री थंगम थेन्नारसु ने कहा, मुझे एक नवंबर की रात को अपनी श्रीलंका यात्रा रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि रात साढ़े आठ बजे तक मुझे केंद्र सरकार से 'राजनीतिक' मंजूरी नहीं मिल सकी थी। उन्हें कोलंबो में आयोजित कार्यक्रम में राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करना था।



## डॉल्फिन के संरक्षण के लिए आठ करोड़ रुपये की लागत से परियोजना शुरू करेगी तमिलनाडु सरकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु का वन विभाग बड़े स्तर पर लुप्तप्राय समुद्री जीव डॉल्फिन के संरक्षण के लिए वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 812.6 लाख रुपये की लागत से प्रोजेक्ट डॉल्फिन' शुरू करेगा। सरकार की अवर मुख्य सचिव सुप्रिया साहू ने मंगलवार को यह जानकारी दी। साहू ने कहा कि इसे केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वन्यजीव पर्यावास एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत लागू किया जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, मन्नार बायोस्फीयर रिजर्व की खाड़ी में डॉल्फिन की चार से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। वर्ष 2023-2024 के दौरान 812.6 लाख रुपये की लागत से परियोजना लागू की जाएगी।

पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं वन विभाग की अवर मुख्य सचिव ने कहा कि डॉल्फिन की संख्या का आकलन, उनकी सुरक्षा, निगरानी और जागरूकता बढ़ाने समेत कई गतिविधियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एक सरकारी आदेश जारी किया गया है।

## पनीरसेल्वम के अन्नाद्रमुक का नाम, झंडा और चुनाव चिह्न इस्तेमाल करने पर अदालत की रोक



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने मंगलवार को ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से निष्कासित नेता ओ पनीरसेल्वम के पार्टी का नाम, झंडा, चुनाव चिह्न और लेटरहेड इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति एन सतीशकुमार ने अन्नाद्रमुक महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री ई.के.पलानीस्वामी द्वारा दाखिल याचिका पर यह अंतरिम राहत दी। पलानीस्वामी ने अपनी याचिका में पनीरसेल्वम द्वारा अन्नाद्रमुक का नाम, झंडा, चुनाव चिह्न और लेटरहेड के इस्तेमाल किए जाने पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। पलानीस्वामी ने याचिका में कहा कि निर्वाचन आयोग और उच्च न्यायालय ने उन्हें अन्नाद्रमुक का महासचिव माना है और ऐसे में पनीरस्वामी का पार्टी समन्वयक होने का दावा कार्यकर्ताओं में भ्रम पैदा कर रहा है।

इससे पहले पनीरसेल्वम ने दो बार जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए अदालत से समय देने का अनुरोध किया था। मद्रास उच्च न्यायालय में शुक्रवार को जब मामला सुनवाई के लिए आया तो पलानीस्वामी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विजय नारायण ने कहा कि यह तीसरी बार है जब मामले की सुनवाई हो रही है, लेकिन अबतक जवाबी हलफनामा दाखिल किया नहीं किया गया।

पनीरसेल्वम की ओर से पेश अधिवक्ता पी. राजलक्ष्मी ने कहा कि उनके मुवक्किल ने उच्चतम न्यायालय में एक विशेष अनुमति याचिका दायर की है, जिसमें महासचिव के रूप में पलानीस्वामी के निर्वाचन को बरकरार रखने के मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है जिसे अब सूचीबद्ध किया गया है।

## रेडिंगटन लि. का दूसरी तिमाही का एकल मुनाफा 573.03 करोड़ रु.

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** सूचना प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता रेडिंगटन लिमिटेड ने मंगलवार को बताया कि जुलाई-सितंबर, 2023 की तिमाही में उसका एकल मुनाफा 573.03 करोड़ रुपये रहा है।

शहर स्थित कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 655.74 करोड़ रुपये का एकल मुनाफा अर्जित किया था। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त छमाही में कंपनी का एकल मुनाफा 767.09 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 805.59 करोड़ रुपये का रहा था।

समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी एकल कुल आय पिछले वर्ष की समान अवधि में दर्ज किये गये 9,078.82 करोड़ रुपये के आंकड़े से बढ़कर 10,350.80 करोड़ रुपये हो गई।

सितंबर में समाप्त छमाही में कंपनी की एकल कुल आय बढ़कर 20,109.69 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान 16,695.17 करोड़ रुपये दर्ज की गई थी।



## हाथी के दांत बरामद, तीन व्यक्ति पकड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर कि अवैध वन्यजीव व्यापार में शामिल एक गिरोह तमिलनाडु के श्रीविल्लिपुथुर के पास 02 हाथी दांत (आइवरी) बेचने का प्रयास कर रहा था, को पुलिस ने पकड़ा है।

निर्दिष्ट स्थान पर पहुंचने पर, अधिकारियों ने तीन व्यक्तियों (विक्रेताओं) की पहचान की जिनके पास एक बड़ा बैग था जिसमें कथित हाथी के दांत होने का संदेह था और उन्हें संदिग्ध तरीके से व्यवहार करते देखा गया। तुरंत, अधिकारियों ने उन्हें तुरंत रोक लिया और तीन व्यक्तियों को दो हाथी दांत वाले बैग के साथ पकड़ लिया। पूरी तरह से 21.63 किलोग्राम वजन वाले दो हाथी के दांतों को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की नई संशोधित धारा 50 के अनुसार बरामद और जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए दांतों और डब्ल्यूपीए के तहत अपराध करने वाले 3 व्यक्तियों को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए जब्ती के बाद तमिलनाडु के वन विभाग को सौंप दिया गया। उल्लेखनीय है कि डीआरआई अधिकारी, जो अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर तस्करी विरोधी और तस्करी विरोधी उपायों को चलाने में सबसे आगे हैं, उन्हें 1 अप्रैल, 2023 से नए संशोधित वन्यजीव संरक्षण अधिनियम द्वारा उन वन्यजीव वस्तुओं को जब्त करने का अधिकार दिया गया था, जिनका अवैध रूप से व्यापार किया जा रहा है। देश। तब से, डीआरआई अधिकारी देश भर में अवैध रूप से व्यापार की जाने वाली वन्यजीव वस्तुओं को जब्त करने में सक्रिय हैं।

## कर्नाटक एफडीए भर्ती घोटाले का आरोपी महाराष्ट्र भागा, जल्द होगा गिरफ्तार : मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि प्रथम श्रेणी सहायक (एफडीए) भर्ती परीक्षा घोटाले में रुद्रगौड़ा डी. पाटिल का नाम सामने आया है और वह महाराष्ट्र भाग गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस को निर्देश दिया गया है कि वह जहां कहीं भी छिपा हो, उसे गिरफ्तार किया जाए।

कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण द्वारा 28 अक्टूबर को कराई गई परीक्षा में 'ब्लूटूथ' का इस्तेमाल कर परीक्षा देने के आरोप में कलबुर्गी और यादगिरी जिलों में करीब 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सीसीटीवी तस्वीरों के हवाले से बताया कि सोमवार को जैसे ही पाटिल का नाम घोटाले में सामने आया, वह कलबुर्गी जिला मुख्यालय के वर्दा नगर स्थित महालक्ष्मी अपार्टमेंट की सुरक्षा दीवार फांद कर फरार हो गया।

पाटिल पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती घोटाले में भी आरोपी है। उक्त मामले में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमृत पॉल को गिरफ्तार किया गया था और करीब 15 महीने जेल में रहने के बाद उन्हें जमानत मिली थी।

परमेश्वर ने कहा, 'हमने पहले ही पुलिस को सतर्क कर दिया है। हमने पुलिस को आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। हमें सूचना मिली है कि वह भागकर महाराष्ट्र चला गया है। उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा, यह बड़ी बात नहीं है। वह कुछ दिन ही फरार रह सकता है।' मंत्री ने चेतावनी दी कि जिन्होंने पाटिल को फरार होने में मदद की उन्हें पुलिस कार्रवाई का सामना करना होगा। उन्होंने दोहराया कि आरोपी को कानून के समक्ष लाया जाएगा।

कर्नाटक के सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी मंत्री प्रियंक खरगे ने कहा कि आरोपी के प्रति रहम करने का सवाल ही नहीं। खरगे कलबुर्गी के विधायक भी हैं। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक और पार्टी की कर्नाटक इकाई के उपाध्यक्ष वी. वाई. विजयेंद्र ने आरोप लगाया कि पाटिल को फरार होने में मंत्री और विधायक ने मदद की।

## कमल हासन ने बाल अस्पताल को वायुमंडलीय जल जनरेटर दान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** दिग्गज अभिनेता कमल हासन ने मंगलवार को अपने 69वें जन्मदिन पर यहां बाल स्वास्थ्य संस्थान, एग्मोर को 'वायुमंडलीय जल जनरेटर (एडब्ल्यूजी) वायुजल' दान किया। एडब्ल्यूजी प्रतिदिन लगभग 500 लीटर जल का उत्पादन करता है और इसे बाल अस्पताल की छत पर स्थापित किया गया है।

इस अवसर पर तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एम. सुब्रमण्यम और हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्त मंत्री (एचआर और सीई) पी. के. शेखर बाबू उपस्थित थे। मक्कल निधि मय्यम के संस्थापक हासन ने सिस्टम चालू किया और कहा कि वह दो साल से अपने कार्यालय में स्थापित एडब्ल्यूजी से उत्पादित जल पी रहे हैं।

## घर में देशी बम जमा करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में चेन्नई शहर के विल्लीवक्कम इलाके में अपने घर पर देशी बम जमा करने के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने कहा कि एक विशेष टीम को आरोपी के घर पर बम मिले। आरोपी के घर की तलाशी एक जबरन वसूली मामले में शिकायत के बाद की गई थी।

पुलिस ने कहा कि रानीपेट के मूल निवासी कार्तिक (27) ने सोमवार रात को विल्लीवक्कम में एक छोटी सी दुकान के मालिक विजयकुमार (43) को चाकू की नोक पर धमकाया और उससे 800 रुपये छीन लिए। पुलिस ने विजय कुमार की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया और कार्तिक के घर की तलाशी ली। तलाशी में पाया गया कि वह अपने घर में देशी बम जमा कर रहा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देशी बम, एक चाकू और 500 रुपये बरामद किये हैं। जांच से पता चला कि गिरफ्तार कार्तिक के खिलाफ पहले से ही चार मामले लंबित हैं और उसे गुंडा अधिनियम के तहत भी हिरासत में लिया गया था। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## अदालत ने बाल संरक्षण विवाद पर दिशानिर्देश के लिए मामले का स्वतः संज्ञान लिया

**बेंगलूरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पति-पत्नी के बीच विवाद के दौरान संतान के संरक्षण संबंधी मामलों में बच्चों की मानसिक स्थिति के आकलन के लिए मनोचिकित्सकों को शामिल करने को लेकर दिशानिर्देश बनाने के लिए स्वत: संज्ञान लेते हुए एक मामले में सुनवाई शुरू की है।

मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी. वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की खंड पीठ ने सोमवार को राज्य एवं केंद्र सरकारों को नोटिस जारी किया। अदालत के निर्देश पर उच्च न्यायालय के महापंजीयक ने जनहित याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया है कि वैवाहिक विवाद में शामिल माता-पिता नाबालिग बच्चों को यह विश्वास दिलाते हैं और उनके कोमल मन में इस बात को भरते हैं कि माता-पिता में से कोई एक उनकी बेहतर देखभाल करेगा। याचिका में यह भी कहा गया है कि कुछ मामलों में नाबालिग बच्चों के दादा-दादी भी उन्हें प्रभावित करने के लिए ऐसे तरीकों का इस्तेमाल करने में शामिल होते हैं, इसलिए बच्चों की मनोदशा का आकलन करने के लिए मनोवैज्ञानिकों की भागीदारी आवश्यक है और संरक्षण के मामलों को निर्धारित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार किए जाने चाहिए।सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने कहा कि वैवाहिक विवादों में बच्चा ही सबसे अधिक प्रभावित होता है और इसलिए बाल संरक्षण विवादों में मनोवैज्ञानिकों की उपलब्धता की आवश्यकता है।

पीठ ने कहा, बच्चे के संरक्षण से जुड़े मामलों को न केवल कानूनी और तकनीकी पहलू से बल्कि इसके मनोवैज्ञानिक पहलू से भी देखने की जरूरत है। जनहित याचिका में अदालत की सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता ध्यान चिन्नप्पा को न्याय मित्र नियुक्त किया गया, जबकि अधिवक्ता बी जी तारा को उनकी सहायता के लिए नियुक्त किया गया।राज्य और केंद्र सरकारों को अपना-अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा गया है।



## पुलिस ने वन्य जीवों की वस्तुएं बरामद की

बेंगलूरु में पुलिस आयुक्त कार्यालय में पुलिस आयुक्त दयानंद ने जब्त किए गए नोटों, और वन्यजीवों की वस्तुओं को देखा। सदाशिवनगर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 75 लाख रुपए मूल्य के 133 लैपटॉप, 19 मोबाइल फोन, 4 टैब्स को बरामद किया है। गिरफ्तार में एक चोर है जो अल्ल सुबह बेंगलूरु की विभिन्न जगहों पर चोरी की वारदातें करता था। वहीं दूसरा चोरी की वस्तुओं को बाजार में ठिकाने लगाने का काम करता था। वायलीकावल पुलिस ने दो लोगों गिरफ्तार कर उनके पास से दस लाख रुपए मूल्य के दो सिर वाले सांप, 12 लाख रुपए मूल्य के हिरण के सींग और पांच लाख रुपए मूल्य के हाथी के दांत जो बरामद किया है। हाई ग्राउन्ड पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 60 लाख रुपए नकद और सोने के आभूषण अन्य कीमती वस्तुएं बरामद की हैं। यह पांचों चिटिंग के मामले में गिरफ्तार किए गए हैं।

## इंदिरा गांधी के लिए अपनी संसदीय सीट छोड़ने वाले कर्नाटक के नेता डी. बी. चंद्रगौड़ा का निधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चिकमगलूरु।** कर्नाटक के अनुभवी नेता और पूर्व मंत्री डी. बी. चंद्रगौड़ा का मंगलवार सुबह उम्र संबंधी बीमारियों के कारण यहां मुदीगेरे तालुक के दरादाहल्ली में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। गौड़ा ने 1978 में आपातकाल के बाद पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के लिए अपनी लोकसभा सीट छोड़ी थी जिससे उनकी राजनीतिक वापसी का मार्ग प्रशस्त हुआ था।

गौड़ा के परिवार में उनकी पत्नी और चार बेटियां हैं। गौड़ा परिवार के करीबी सूत्रों ने बताया कि उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए आज शाम तक मुदीगेरे में अद्यंताया रंगमंदिर में रखा जाएगा और उनका अंतिम संस्कार बुधवार को उनके पैतृक स्थान दरादाहल्ली में किए जाने की संभावना है।

सभी चार सदनों - विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा का सदस्य रह चुके गौड़ा विभिन्न राजनीतिक दलों में रहे। इनमें प्रजा सोशलिस्ट पार्टी, कर्नाटक क्रांति रंग, जनता पार्टी, जनता दल, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शामिल हैं।

वह उस वक्त चर्चा में आए थे जब उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चिकमगलूरु निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए 1978 में लोकसभा की सदस्यता छोड़ दी थी और इंदिरा गांधी की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम किया था। आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए आम चुनावों में हार के बाद सत्ता से बाहर हुईं इंदिरा गांधी ने 1978 में चिकमगलुरु लोकसभा उपचुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। उनकी जीत ने उस समय कांग्रेस को नयी जीवन मिला था। पेशे से वकील गौड़ा 1971 में कांग्रेस के जरिए राजनीति में आए। वह तीन बार लोकसभा के और एक बार राज्यसभा के सदस्य रहे। उन्होंने 1971 और 1977 में कांग्रेस के टिकट पर चिकमगलुरु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इंदिरा गांधी के लिए सीट छोड़ने के बाद गौड़ा कांग्रेस की तरफ से 1978 से 1983 तक विधान परिषद सदस्य बने और देवराज उर्स मंत्रिमंडल में मंत्री बने। बाद में बदलते राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए उन्होंने उर्स के साथ कांग्रेस छोड़ दी और कर्नाटक क्रांति रंग में शामिल हो गए।

गौड़ा तीन बार विधानसभा सदस्य रहे। उन्होंने दो बार तीर्थहल्ली निर्वाचन क्षेत्र से जनता पार्टी और एक बार कांग्रेस के टिकट पर श्रृंगेरी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वह एस एम कृष्णा सरकार में कानून और संसदीय मामलों के मंत्री थे।

वह 1986 में जनता पार्टी के टिकट पर राज्यसभा सदस्य बने। बाद में जनता पार्टी जनता दल बन गया था। उन्होंने 2009 में बेंगलूरु उत्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर चुनाव लड़ा और लोकसभा पहुंचे। विभिन्न सरकारों में मंत्री रहे गौड़ा 1983 से 1985 तक राज्य विधानसभा के अध्यक्ष भी रहे और विधानसभा तथा विधान परिषद दोनों में विपक्ष के नेता भी रहे।

### प्रधानमंत्री ने जताया शोक



कर्नाटक में सांसद, विधायक और मंत्री के रूप में उन्होंने एक अमिट छाप छोड़ी है। संविधान के बारे में उनकी गहरी समझ और सामुदायिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता उल्लेखनीय थी। उनके परिवार और समर्थकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। ओम शांति।''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गौड़ा को दिग्गज लोक सेवक बताते हुए उनके निधन पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि कर्नाटक में सांसद, विधायक और मंत्री के रूप में उन्होंने एक अमिट छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, संविधान के बारे में उनकी गहरी समझ और सामुदायिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता उल्लेखनीय थी। उनके परिवार और समर्थकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। ओम शांति।''

गौड़ा को याद करते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि वह एक कुशाग्र राजनीतिज्ञ थे, जिन्हें साहित्य का गहरा ज्ञान था। उन्होंने कहा, उनका निधन कर्नाटक की राजनीति के लिए एक क्षति है। उन्होंने कहा कि वह बुधवार को मुदिगेरे में गौड़ा के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवगौड़ा ने चंद्रगौड़ा के निधन पर दुख व्यक्त किया।

## कर्नाटक उच्च न्यायालय ने चिकित्सा कर्मियों की कमी के मामले का स्वतः संज्ञान लिया

**बेंगलूरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों और अन्य कर्मियों की कमी को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को मामले का स्वत: संज्ञान लेकर जनहित याचिका दायर करने की पहल की। मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी. वराले और न्यायमूर्ति कृष्णा एस. दीक्षित की पीठ ने एक खबर का संज्ञान लेकर कार्यवाही शुरू की। खबर के मुताबिक, राज्य के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों एवं तकनीशियन सहित विभिन्न चिकित्सा कर्मियों के कुल 16,500 पद रिक्त हैं। पीठ ने उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को निर्देश दिया कि वह खबर के आधार पर जनहित याचिका दाखिल करे और अदालत के समक्ष पेश करे। उच्च न्यायालय ने रेखांकित किया कि खबर में कहा गया है कि 454 ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का अभाव है। खबर के मुताबिक, सरकारी अस्पतालों में एमएमबीएस डॉक्टर के 723 पद, नर्स के 7,492 पद, लैब तकनीशियन के 1,517 पद, फार्मासिस्ट के 1,517 पद, अटेंडेंट के 1,752 पद और समूह घ' के 3,253 पद रिक्त हैं।





# कोई जादूगर ही ऐसा कर सकता है : अमित शाह का गहलोत पर कटाक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केंद्रीय गृह मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि राजस्थान में मौजूदा अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल में राज्य में कानून-व्यवस्था, बिजली और पिछली भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई स्वास्थ्य सुविधाएं गुम हो गईं। इसको लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा,यह तो कोई जादूगर ही कर सकता है। राजस्थान के कुचामन में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार सबसे भ्रष्ट है और वह तुष्टिकरण की सभी सीमाएं लांघ चुकी है। उन्होंने लोगों से इसे उखाड़ फेंकने की अपील की।

उन्होंने उदयपुर के दर्जी कन्हैयालाल हत्याकांड, विभिन्न सांप्रदायिक घटनाओं, अवैध खनन और भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने की घटनाओं के हवाले से राज्य की गहलोत सरकार पर निशाना साधा। शाह ने कहा,अशोक गहलोत जी को कांग्रेस के उनके प्रशंसक जादूगर कहते हैं .. जादूगर तो वह हैं ही। कोई मुख्यमंत्री ऐसा जादू नहीं कर सकता। उन्होंने जादू कर राजस्थान में बिजली गुम कर दी, जो स्वास्थ्य सुविधाएं पिछली वसंधुरा राजे सरकार में बहुत आगे बढ़ी थीं, उसे उन्होंने गुम कर दिया, रोजगार और कानून-व्यवस्था भी गुम कर दी... इतनी सारी चीजें तो केवल जादूगर ही गुम कर सकता है। और कोई नहीं कर सकता।

कथित 'लाल डायरी' प्रकरण को लेकर गहलोत पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा,लाल रंग देखकर गहलोत जी भड़क जाते हैं। कुछ भी लाल हो, गहलोत जी को उसमें लाल डायरी ही नजर आती है, और कुछ नजर नहीं आता। बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा का आरोप है कि इस डायरी में मुख्यमंत्री के अवैध वित्तीय लेनदेन का विवरण है। शाह ने कांग्रेस पर 70 साल तक अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा,550 साल से ज्यादा समय से प्रभु श्री राम अपमानित अवस्था में थे। 70 साल से से कांग्रेस पार्टी राम मंदिर को लटका रही थी, अटका रही थी, भटका रही थी । (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी ने इसका भूमि पूजन किया और 22 जनवरी 2024 को इसकी प्राण प्रतिष्ठा भी मोदी जी करने वाले हैं।

उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा,चुनाव के बाद आप अयोध्या का टिकट करवा लीजिए, क्योंकि रामलला भव्य मंदिर में विराजने वाले हैं। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी न देश को सुरक्षित रख सकती है, न देश को समृद्ध कर सकती है और न ही देश को दुनिया में गौरव दिला सकती है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने नई संसद बनाई, कर्तव्य पथ बनाया.. भारत के तिरंगे को चंद्रमा पर ले जाने का काम उन्होंने किया । विभिन्न सांप्रदायिक घटनाओं और कन्हैया लाल हत्याकांड का जिक्र करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि गहलोत सरकार ने रामनवमी और महावीर जयंती के जुलूस पर प्रतिबंध लगाने का काम किया लेकिन कोटा में पीएफआई को रैली निकालने की अनुमति दे दी।

उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार ही थी जिसने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध लगाया और उसके सदस्यों को जेल में डाला। अवैध खनन को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, अवैध खनन इस सीमा तक बढ़ा कि एक संत ने आत्मदाह कर भूमि की रक्षा के लिए जान दे दी। फिर भी गहलोत की आंखें नहीं खुलीं। उन्होंने राज्य की जनता को आश्वासन दिया कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर ढाई साल में सभी घरों में नल का जल उपलब्ध करा दिया जाएगा। शाह ने यह भी कहा कि 2004 से 2014 तक पूर्ववर्ती संप्रग सरकार ने राजस्थान को दो लाख करोड़ रुपये दिए, जबकि मोदी सरकार ने 2014 से 2023 तक 8.71 लाख करोड़ रुपये दिए और नौ वर्षों में छह लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं यहां जमीन पर उतारीं। शाह ने बाद में मकराना में जनसभा की। इसमें उन्होंने फिर 'लाल डायरी' का जिक्र करते हुए कहा, गहलोत साहब लाल कपडा देखकर चिढ जाते है...लाल डायरी उनको याद आ जाती है.. गहलोत साहब राजस्थान की जनता से वोट मांगने के पहले लाल डायरी में क्या लिखा था, वो जरा बता दीजिए।



## राजस्थान में सांप्रदायिक दंगों के लिए कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति जिम्मेदार : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की नीति के कारण दंगे हुए और इस पार्टी में दोषियों को सजा देने की भी हिम्मत नहीं है। वह नागौर के परबतसर में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कांग्रेस पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोगों का अपमान करने का भी आरोप लगाया और दावा किया कि वह राज्य के लोगों का कोई भला नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का लक्ष्य अपने बेटे राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है जबकि राजस्थान में अशोक गहलोत अपने बेटे वैभव गहलोत को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा,'' लेकिन वे अपने बेटों को लॉंच करने में असमर्थ हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 'चंद्रयान' लॉन्च किया और चंद्रमा पर तिरंगा फहराया।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ओबीसी का अपमान किया और राहुल गांधी ने मोदी की जाति को 'चोर' कहा।



# राजस्थान में कांग्रेस ने 'गारंटी यात्रा' शुरू की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने मंगलवार को अपनी 'गारंटी यात्रा' की शुरुआत की। इस यात्रा के तहत पार्टी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा घोषित सात 'गारंटियों' को आम जनता तक लेकर जाएगी। गहलोत ने राज्य में दोबारा कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनने पर इन गारंटियों को लागू करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री गहलोत, पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने यहां मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद यात्रा रवाना की गई।

यात्रा शुरू होने के बाद मुख्यमंत्री गहलोत व मालवीय नगर से पार्टी की प्रत्याशी अर्चना शर्मा एक वाहन में खड़े होकर साथ चले। पार्टी के अन्य नेता व पदाधिकारी यात्रा के साथ पैदल चलते नजर आए। यात्रा शहर के कई हिस्सों से गुजरेगी। पार्टी के प्रवक्ता के अनुसार, राज्य के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में ऐसी यात्राएं निकाले जाने की योजना है।

गहलोत ने सात 'गारंटियों' के तहत परिवार की महिला मुखिया को 10,000 रुपये का वार्षिक सम्मान, 1.05 करोड़ परिवारों के लिए 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने, पशुपालकों से दो रुपये प्रति किलोग्राम गोबर की खरीद, सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना के लिए कानून की घोषणा की है।

इसके अलावा उन्होंने सरकारी कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले छात्रों को लैपटॉप या टैबलेट देने, प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रति परिवार 15 लाख रुपये तक का बीमा कवर और अंग्रेजी माध्यम में स्कूली शिक्षा उपलब्ध करवाने की गारंटी दी है।



# कांग्रेस विधायक अमीन कागजी ने नामांकन पत्र में दो शादियों का किया खुलासा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर की किशनपोल विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक और कांग्रेस उम्मीदवार अमीन कागजी ने अपनी पहली पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरी बार शादी की है, उनके चुनाव नामांकन पत्र से यह पता चला है। 50 साल के कागजी ने अपने चुनावी हलफनामे में खुलासा किया है कि उन्होंने अपनी पहली पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरी शादी की है। दूसरी पत्नी का नाम मोनिका शर्मा कागजी है।

अमीन कागज़ी की पहली पत्नी का नाम रेशमा है। उनकी पहली पत्नी से उनके चार बेटे और बेटियां हैं। इसका जिक्र अमीन कागजी ने 2018 विधानसभा चुनाव में दाखिल हलफनामे में किया था।

2023 के विधानसभा चुनाव के लिए उन्होंने अपने नामांकन पत्र में दो पत्नियों की जानकारी दी है। ताजा हलफनामे में नई पत्नी का नाम मोनिका शर्मा कागजी बताया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, मोनिका शर्मा अमीन कागजी की निजी सचिव के रूप में काम करती थीं। सूत्रों ने बताया कि अमीन ने कोविड काल के दौरान मोनिका से शादी की, जो पूरी तरह से गुप्त रही। मोनिका से उनकी एक बेटी भी है। 2022 में उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की।



# राजस्थान में कांग्रेस निश्चित रूप से जीतेगी और हम सरकार बनाएंगे : रंधावा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस नेता और राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने मंगलवार को विश्वास जताया कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में जीतकर एक बार फिर सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में पार्टी की सरकार के खिलाफ कोई 'सत्ता विरोधी' लहर नहीं है। रंधावा ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा कि कांग्रेस सरकार के खिलाफ कोई 'सत्ता विरोधी लहर' नहीं है और कांग्रेस के कार्यक्रमों में लोग उमड़ रहे हैं। हम निश्चित रूप से जीतकर अपनी सरकार बनाएंगे और 2024 में लोकसभा की सीटें जीतेंगे। राज्य की 200 सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा जबकि तीन अक्टूबर को मतों की गिनती होगी।

पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र के बारे में उन्होंने कहा, हम 500-700 वादे नहीं करेंगे। हम छोटा घोषणा पत्र बनाएंगे और उसे लागू करेंगे। सरकार की मौजूदा गारंटी भी उसका हिस्सा है। मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, अगर वे चुनाव जीतने को लेकर इतने आश्वस्त होते तो हर दिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को क्यों भेज देते? भाजपा के पास मुख्यमंत्री पद का कोई चेहरा नहीं है... उनके पास ईडी, आयकर (आईटी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का चेहरा है।

अगर लड़ाई लड़नी है तो मैदान में नेताओं को आंख में आंख मिलाकर बात करनी चाहिए। यह नहीं कि चोर दरवाजे से सीबीआई, ईडी आए। राजस्थान वीरों की धरती है वे इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। रंधावा व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को यहां कांग्रेस की गारंटी यात्रा की शुरुआत की।

# 78 वर्षीय तीतर सिंह 32वीं बार लड़ रहे चुनाव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। यह कहानी है 78 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर तीतर सिंह की, जो अब तक 31 चुनाव हार चुके हैं। हालांकि, हर बार जमानत जब्त होने के बावजूद इस मनरेगा कर्मी का चुनाव लड़ने का जुनून कम नहीं हुआ और उन्होंने 32वीं बार श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया है। तीतर सिंह पहले ही पंचायत समिति, सरपंच, विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन इनमें से कभी भी चुनाव नहीं जीत पाए। स्थानीय लोग बताते हैं कि तीतर सिंह ने चुनाव लड़ने के लिए कई बार अपनी बकरियां बेचीं।

तीतर सिंह श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र के 25 एफ गुलाबेवाला के रहने वाले हैं। उनका कहना है कि वह लोकप्रियता हासिल करने या रिकॉर्ड बनाने के लिए चुनाव नहीं लड़ते हैं, बल्कि इसलिए लड़ते हैं क्योंकि चुनाव अपने अधिकार हासिल करने का एक हथियार है। अपने अधिकारों के लिए लड़ने का जुनून तीतर के दिल में तब पैदा हुआ जब वह छोटे थे, क्योंकि उसे नहर क्षेत्रों में भूमि आवंटन से वंचित कर दिया गया था। उनके जैसे कई लोग थे और इससे उन्हें प्रेरणा मिली। फिर उन्होंने अपने अधिकारों के लिए लड़ना शुरू किया और धीरे-धीरे यह उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन गया।

क्षेत्र के निवासियों का कहना है,हालांकि, भूमि आवंटन की उनकी मांग अभी भी पूरी नहीं हुई है। वह और उनके बेटे मनरेगा के दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करते हैं। तीतर सिंह ने दस बार लोकसभा चुनाव, दस बार विधान सभा चुनाव लड़ा है, और वह 11 बार जिला



परिषद अध्यक्ष और सरपंच और वार्ड सदस्यता चुनाव में खड़े हुए हैं।

उनके हलफनामे के अनुसार, वर्तमान में वह 78 वर्ष के हैं, उनकी तीन बेटियां, दो बेटे और पोते-पोतियां हैं। उनके खाते में 2500 रुपये जमा हैं लेकिन न जमीन है, न गाड़ी, न घोड़े. पूरे साल वह मेहनत करते हैं लेकिन चुनाव के दौरान उनकी जिंदगी बदल जाती है और वह घर-घर जाकर प्रचार करते हैं और वोट मांगते हैं। दुख की बात है कि हर बार चुनाव हारने पर उनकी जमानत जब्त हो जाती है क्योंकि अधिकारियों का कहना है कि उन्हें कभी भी 1,000 से अधिक वोट नहीं मिले हैं। तीतर सिंह का कहना है कि उन्हें पेंशन भी मिलती है इससे उनकी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी हो जाती हैं, लेकिन वह कभी चुनाव प्रचार पर खर्च नहीं करते। ये वरिष्ठ नागरिक किसी भी सोशल मीडिया पर नहीं हैं, हालांकि सोमवार को जब वो अपना नामांकन फॉर्म भरने जा रहे थे तो उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें कभी आसपास के लोगों से किसी प्रतिरोध का सामना करना पड़ा है, तो वे कहते हैं, लोग कभी विरोध नहीं करते मदद करते हैं।

## स्वागत



जयपुर में मंगलवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के भवानी निकेतन मंडल के स्वागत समारोह में शिरकत करती भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी।



## मिजोरम विधानसभा चुनावः शांतिपूर्ण रहा मतदान, 77% से अधिक लोगों ने किया मताधिकार का इस्तेमाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**आइजोल/भाषा।** मिजोरम में मंगलवार को विधानसभा चुनाव के लिए हुआ मतदान शांतिपूर्ण रहा और कुल 8.57 लाख मतदाताओं में से 77 प्रतिशत से अधिक ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच. लियानजेला ने कहा कि मतदान 80 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है, क्योंकि दूर-दराज के जिलों से अंतिम रिपोर्ट आनी बाकी है। निर्वाचन आयोग के शाम छह बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक 77.39 फीसदी मतदान दर्ज किया गया।

राज्य में 2018 में विधानसभा चुनाव में 81.61 प्रतिशत मतदान हुआ था। लियानजेला ने कहा कि कुछ मतदान केंद्रों पर शाम चार बजे की समय सीमा के एक घंटे बाद शाम पांच बजे तक भी मतदान जारी था, क्योंकि लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए कतार में लगकर इंतजार कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि सभी 1,276 केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। इस चुनाव में 18 महिलाओं समेत 174 उम्मीदवार मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, मिजोरम के 11 जिलों में सेरछिप में सबसे ज्यादा 84.49 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। आंकड़ों के अनुसार आइजोल जिले में सबसे कम 73.09 प्रतिशत मतदान हुआ। दक्षिण मिजोरम के सियाहा (76.41%) और सैतुल (75.12%) में अन्यों की तुलना में कम मतदान हुआ। सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ), मुख्य विपक्षी दल जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) और कांग्रेस ने सभी 40 सीट पर उम्मीदवार उतारे।

# केंद्र ने कांग्रेस के घोटालों को रोका, उस पैसे का इस्तेमाल गरीबों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने में किया : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सीधी (मध्य प्रदेश)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर अपने शासनकाल के दौरान भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया और कहा कि केंद्र में भाजपा के सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने सभी घोटालों को रोक दिया और इसमें शामिल धन को बचाया और इससे 80 करोड़ से अधिक गरीब लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने में मदद मिली। मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस उन्हें हर दिन गाली देती रहती है।

उन्होंने कांग्रेस पर आदिवासी विरोधी मानसिकता होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी का विरोध किया। वह मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे, जहां 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होंगे।

मोदी ने कहा, जब कांग्रेस 10 वर्षों (2004-2014) तक सत्ता में थी, तो उसकी सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त थी, लेकिन भाजपा के सत्ता में आने के बाद, उसने उन सभी घोटालों को रोक दिया और बहुत सारा पैसा बचाया एवं इसका उपयोग कोविड-19 के अवधि के दौरान 80 करोड़ से अधिक गरीबों को मुफ्त राशन प्रदान करने के लिए किया।

उन्होंने कहा कि मुफ्त राशन योजना को अब दिसंबर से आगे अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत बिना किसी 'लीकेज' के किसानों के बैंक खातों में 2.07 लाख करोड़ रुपए जमा किए गए और यह इसलिए संभव हो सका क्योंकि भ्रष्टाचार रुका।



कांग्रेस पर आदिवासियों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि जब भाजपा ने देश की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति की उम्मीदवारी का प्रस्ताव रखा, तो कांग्रेस ने इसका विरोध किया क्योंकि उसने कभी भी उनके कल्याण की परवाह नहीं की। उन्होंने कहा, दलित वर्ग से आने वाले देश के पहले मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) के सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए पहले से निमंत्रण मिलने के बावजूद कांग्रेस इसमें शामिल नहीं हुई। यह उसकी दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। पूर्व आईएएस अधिकारी हीरालाल सामरिया ने सोमवार को मुख्य सूचना आयुक्त पद की शपथ ली।

मोदी ने एशिया में सबसे बड़ा माने जाने वाले रीवा अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना का उदाहरण देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार विंध्य क्षेत्र को एक प्रमुख सौर ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित कर रही है।

## बीएचयू परिसर में छात्र गुटों में टकराव, 49 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में आईआईटी की छात्रा से हुई कथित छेड़खानी के विरोध में परिसर में जारी आंदोलन के दौरान रविवार को छात्रों के दो गुटों के बीच हुई झड़प के मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकर्ताओं ने 17 नामजद और 32 अज्ञात लोगों पर मारपीट, छेड़खानी और हिन्दू धर्म का अपमान करने समेत कई आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया है।

लंका थाना प्रभारी शिवाकांत मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के गेट पर रविवार को आंदोलन के दौरान दो छात्र गुटों के बीच हुई मारपीट के मामले में एबीवीपी से जुड़े छात्रछात्राओं की तहरीर पर 17 नामजद और 32 अज्ञात लोगों के खिलाफ हिन्दू धर्म का अपमान करने, धार्मिक वैमनस्य फैलाने, मारपीट, छेड़खानी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। एबीवीपी की बीएचयू इकाई के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने बताया कि छेड़खानी की पीड़ित छात्रा को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन कर रही एबीवीपी की सदस्य छात्राओं से रविवार को 'आइसा' तथा 'भगत सिंह छात्र मोर्चा' के कार्यकर्ताओं ने अभद्रता करने के साथ ही उन पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया और धमकी भी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना में एबीवीपी कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने कहा इस मामले में हमलावरों के विरुद्ध सोमवार को वाराणसी के लंका थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## कांग्रेस शासित राज्यों में भ्रष्टाचार और अत्याचार का बोलबाला : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**खरगोन/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस शासित राज्यों में भ्रष्टाचार, लूट और अत्याचार का बोलबाला है।

चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में खरगोन जिले के बड़वाह कस्बे में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं, किसानों और गरीबों के विकास के लिए काम करती है तथा समाज में शांति सुनिश्चित करती है।

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में भ्रष्टाचार, लूट, विश्वासघात और अत्याचार व्याप्त हैं। उन्होंने कहा कि यह भाजपा सरकार ही थी जिसने मध्य प्रदेश को बीमारू श्रेणी से बाहर निकाला। उन्होंने लोगों से भाजपा को मध्य प्रदेश में एक और कार्यकाल देने की अपील की।



नड्डा ने कहा, पनडुब्बी घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, कोयला घोटाला, राष्ट्रमंडल घोटाला और एमजीएनआरईजी घोटाला तब हुआ जब कांग्रेस (संप्रग सरकार) केंद्र में सत्ता में थी। पानी के अंदर (पनडुब्बी), आसमान में (अगस्ता वेस्टलैंड), धरती के नीचे (कोयला) और जमीन पर भ्रष्टाचार था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कमलनाथ (जो मध्य प्रदेश में 15 महीने, दिसंबर 2018 से मार्च 2020 तक सत्ता में थे) के नेतृत्व वाली पिछली सरकार में भ्रष्टाचार व्याप्त था। उन्होंने कहा, छात्रवृत्ति और अन्य क्षेत्रों में घोटालों ने भी राज्य को झकझोर कर रख दिया था।

नड्डा ने कहा कि 2003 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से मध्य प्रदेश ने सभी क्षेत्रों में जबर्दस्त प्रगति की है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में प्रति व्यक्ति आय दस गुना, वार्षिक बजट 13 गुना और स्वास्थ्य बजट 26 गुना बढ़ गया है। उनका यह भी दावा था कि मध्य प्रदेश में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से आदिवासियों के लिए (फंड) आवंटन 57 गुना बढ़ गया है।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था अब दुनिया में पांचवें स्थान पर है और यह जल्द ही 2024 में तीसरा स्थान हासिल कर लेगी।

## रांची के बिरसा चिड़ियाघर के 20 एकड़ हिस्से में बने तितली पार्क का उद्घाटन

**रांची/भाषा।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान (बीबीबीपी) में बने तितली पार्क को मंगलवार को आम लोगों के लिए खोल दिया गया जिसमें तितलियों की 88 प्रजातियों का दीदार किया जा सकेगा। इनमें दुलर्भ ब्लू पैंसी से लेकर सन लविंग कॉमन लेपर्ड प्रजाति की तितलियां भी शामिल हैं। यह पूर्वी भारत में खुले में स्थापित सबसे बड़ा तितली पार्क है।

रांची शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर बीबीबीसी परिसर में बिरसा चिड़ियाघर में 20 एकड़ क्षेत्रफल में तितली पार्क का निर्माण किया गया है। पार्क का उद्घाटन वन, पर्यावरण एवं जलवायु विभाग के अपर मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने किया। पार्क के पहले चरण को पूरा होने में लगभग छह साल लगे। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने 29 जून 2017 को पार्क की नींव रखी थी। हालांकि, इस पर काम 2020 में शुरू हुआ।

## प्रधानमंत्री की तरह ईडी भी भाजपा की स्टार प्रचारक है : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ग्वालियर/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरह, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मौजूदा विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी का स्टार प्रचारक है। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले चुनाव से पहले यहां एक जनसभा में उन्होंने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग भी भाजपा की ओर से मैदान में हैं।



खरगे ने कहा, कांग्रेस के पास एक उम्मीदवार (प्रति निर्वाचन क्षेत्र) है, लेकिन भाजपा के पास चार हैं। एक (पार्टी) उम्मीदवार है जो दिखाई दे रहा है, लेकिन तीन अन्य हैं जो अदृश्य हैं....ईडी, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरह एक स्टार प्रचारक की तरह प्रचार कर रहा है। दूसरा उम्मीदवार है सीबीआई, जो (प्रतिद्वंद्वी) उम्मीदवारों को कमजोर करने के लिए उनके पीछे भी जाती है और तीसरा उम्मीदवार है आयकर।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, इन तीनों के अलावा, मोदी और (मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह) चौहान भी हैं...वे प्राचीन समय के नहीं बल्कि आज के 'पांच पांडव' की तरह हैं, जो हमें हराने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हमें उन्हें सबक सिखाना होगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ में चुनाव होने के कारण ईडी वहां पार्टी के नेताओं को परेशान कर रहा है और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धमकी दे रहा है। उन्होंने कहा, यह कोई लोकतांत्रिक तरीका नहीं है और न ही बराबरी का मौका है, लेकिन यह डराना-धमकाना चल रहा है।

## केंद्र के पास हवाई जहाज,नए संसद भवन के लिए पैसा है लेकिन किसानों के लिए नहीं है : प्रियंका गांधी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बालोद/भाषा।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उसके पास प्रधानमंत्री के लिए हवाई जहाज लेने और संसद भवन बनाने के लिए पैसा है लेकिन किसानों को देने के लिए पैसा नहीं है।

गांधी ने छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में एक चुनावी सभा में भाजपा पर आरोप लगाया कि देश की जनता ने जो कुछ अच्छा बनाया था, उसे उसने बिगाड़ दिया या अपने उद्योगपति मित्रों को दे दिया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा, सरकार का जो पैसा होता है, वह सरकार का नहीं, बल्कि जनता का पैसा होता है। इसका अहसास आपको होना चाहिए। जब सरकार इसे खर्च करती है, तब पूछा जाना चाहिए कि किस काम के लिए खर्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने पांच वर्ष में जनता के हित के लिए काम किया, लेकिन केंद्र सरकार ने क्या किया। गांधी ने कहा, ..भाजपा की मोदी सरकार में मोदी जी के लिए आठ हजार करोड़ रुपए मूल्य के दो जहाज खरीदे गए, जिसमें वह घूम सकें..20 हजार करोड़ रुपए खर्च कर नया संसद भवन बनाया गया। जब इसकी घोषणा हुई तब मैं उत्तर प्रदेश में थी और वहां के गन्ना किसान अपना बकाया पैसा मांगने के लिए सड़क पर थे। मोदी सरकार सौंदर्यीकरण के लिए 20 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी लेकिन किसानों को देने के लिए उसके पास पैसे नहीं हैं।

उन्होंने जातिगत जनगणना की वकालत की और कहा इससे यह पता लग सकेगा कि ओबीसी कितने हैं, दलित कितने हैं, आदिवासी भाई बहन कितने हैं, गरीब भाई बहन कितने हैं, क्योंकि जब गिनती नहीं होगी तब सही तरीके से न प्रतिनिधित्व होगा, न नीतियां बन पाएंगी। गांधी ने कहा, मोदी जी को आपने देखा होगा कि वह खुद को ओबीसी कहते हैं लेकिन जब जातिगत जनगणना की बात हो रही है तब वह कह रहे हैं कि नहीं होगी। भाजपा के नेता बौखला गए हैं और कहने लगे हैं कि कुछ भी हो जाए यह नहीं करना है।

## ओडिशा में नकली गुटखा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**कोरापुट/भाषा।** ओडिशा के कोरापुट जिले में नकली गुटखा बनाने वाली अवैध फैक्टरी का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस के तीन दलों ने सोमवार शाम को लामतापुट क्षेत्र के बाहरी इलाके में स्थित एक इमारत पर छापा मारा और गुटखा पैक करने वाली सात मशीनों को जब्त किया। उन्होंने कहा कि मौके से गुटखा के पाउच से भरी बोरियां और इसे बनाने में काम आने वाला कच्चा माल भी मिला है।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (नंदपुर) संजय महापात्रा ने कहा, हमें गुटखा बनाने वाली अवैध इकाई के बारे में पता चला जिसके बाद हमने छापेमारी की। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति इकाई संचालित करने के लिए कोई भी वैध दस्तावेज़ दिखाने में नाकाम रहे। उन्होंने कहा कि इकाई पिछले कुछ महीनों से किराए के एक घर में संचालित की जा ही थी और इसके संचालन में कई लोग शामिल हैं।

महापात्रा ने कहा, गुटखा बनाने के बाद वे तंबाकू उत्पाद को प्रसिद्ध कंपनियों के पाउच में पैक किया करते थे। वे नकली उत्पाद आसपास और जिले के बाहर भेजते थे। वे ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में इसकी आपूर्ति करते थे।

## राज्य सरकार मुझे अंधेरे में रख रही, विधायिका का अन्य उद्देश्यों के लिए कर रही इस्तेमाल : खान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य सरकार विधायिका का इस्तेमाल उसके निर्धारित कार्यों से इतर अन्य उद्देश्यों के लिए कर रही है और उन्हें विभिन्न मुद्दों पर अंधेरे में रख रही है।

उच्चतम न्यायालय ने हाल में टिप्पणी की थी कि राज्य सरकार और राज्यपाल को समन्वय से काम करना चाहिए। इस बारे में संवाददाताओं द्वारा पूछे जाने पर खान ने टिप्पणी की निश्चित तौर पर उन्हें करना चाहिए। उन्होंने साथ ही सवाल किया कि तब क्या किया जाए जब उन्हें अंधेरे में रखा जाता है या जब विधायिका का इस्तेमाल उसके लिए निर्धारित कार्यों से इतर उद्देश्य के लिए किया जाता है। राज्यपाल ने कहा,



जब आप शुरुआत से ही विधायिका का इस्तेमाल उसके तय कार्यों से इतर उद्देश्य के लिए करने लगें, आप राज्यपाल को अंधेरे में रखें, आप अपने न्यायाधिकार क्षेत्र से परे के कानून पारित करें। तब क्या किया जाए? जब आप चाहते हैं कि मैं किसी ऐसे मामले में अपनी सहमति दूं जो निश्चित तौर पर उसके न्यायाधिकार से बाहर का है, तब क्या किया जाए? खान ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने जो कहा है उसका सभी को सम्मान करना चाहिए और उसका अनुपालन करना चाहिए लेकिन यह फैसले के रूप में होना चाहिए।

## एल्विश मामले पर उप्र के वन मंत्री ने कहा : कोई हस्ती कानून से ऊपर नहीं



**नोएडा/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मंत्री अरुण सक्सेना ने 'यूट्यूबर' एल्विश यादव से संबंधित मामले की जांच को लेकर कहा कि कोई भी हस्ती कानून से ऊपर नहीं है और इस प्रकरण में कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी' के विजेता यादव, रेव पार्टियों में सांपों के जहर के इस्तेमाल के संदिग्ध मामले को लेकर नोएडा पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में नामजद लोगों में से एक हैं। मामले के बारे में पूछे जाने पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सक्सेना ने कहा, कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। कोई भी हस्ती, चाहे वह कितनी भी बड़ी हो, कानून से ऊपर नहीं है।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में तीन नवंबर को पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था और वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में यादव की कथित भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार पार्टी के आयोजन स्थल 'बैंक्वेट हॉल' से पांच कोबरा समेत नौ सांप बरामद किए गए थे जबकि सांप का 20 मिलीलीटर संदिग्ध जहर भी जब्त किया गया था।

## प्रेमिका के शादी से इनकार करने पर युवक ने खुद को आग लगाई, हालत नाजुक

**मुजफ्फरनगर (उप्र)/भाषा।** मुजफ्फरनगर से सटे शामली जिले में कथित तौर पर अपनी प्रेमिका के शादी से इनकार करने से क्षुब्ध एक युवक ने आत्मदाह की कोशिश की। उसे गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शामली के पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने मंगलवार को बताया कि विनय नामक 28 वर्षीय युवक ने सोमवार को महिला पुलिस थाने के बाहर खुद को आग लगा ली। इस घटना में उसका करीब 80 प्रतिशत शरीर जल गया है और उसे नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि विनय एक विधवा महिला से प्रेम करता था और दोनों ने शादी करने की योजना बनाई थी। हालांकि बाद में महिला ने कुछ कारणों से उससे शादी करने से इनकार कर दिया जिससे वह परेशान था। अभिषेक ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## छेत्री ने कहा, अब तक संन्यास पर फैसला नहीं किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के करिश्माई फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने स्वीकार किया है कि वह अपने करियर के 'बोनस पीरियड' में हैं लेकिन उन्होंने संन्यास लेने की कोई तारीख तय नहीं की है।

हालांकि यह तय है कि 39 साल के छेत्री 2026 में नहीं खेलेंगे जब फुटबॉल विश्व कप का आयोजन किया जाएगा। छेत्री ने इस महीने होने वाले भारत के विश्व कप 2026 के दूसरे दौर के क्वालीफायर से पूर्व कहा, मुझे खुशी है कि मैं यहां हूं। यह मेरे लिए बोनस पीरियड है, मैं सिर्फ इसका लुत्फ उठा रहा हूं। मुझे नहीं पता कि यह कब समाप्त होगा। मैं सिर्फ इसका लुत्फ उठाना चाहता हूं। 'फीफा.कॉम' ने छेत्री के हवाले से कहा, मैं 39 बरस का हूं इसलिए जहां तक मैदान पर उतरने का सवाल है तो मेरे कोई दीर्घकालीन लक्ष्य नहीं हैं। मैं अगले तीन महीने के बारे में सोचता हूं और फिर अगले तीन महीने के बारे में और फिर देखते हैं कि क्या होता है।



भारत को ग्रुप ए में कतर, कुवैत और अफगानिस्तान के साथ रखा गया है। टीम 16 नवंबर को कुवैत से उसकी सरजमीं पर खेलेगी जबकि 21 नवंबर को भुवनेश्वर में कतर से भिड़ेगी।

प्रत्येक नौ ग्रुप का विजेता और उप विजेता 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाएगा। तीसरे दौर में 18 टीमों को छह टीम के तीन ग्रुप में बांटा जाएगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम 2026 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी जबकि तीसरे और चौथे स्थान की टीम चौथे दौर में जगह बनाएंगी जहां से एशियाई क्षेत्र से दो और क्वालीफायर का फैसला होगा। जून 2026 में जब अगला विश्व कप होगा तो छेत्री 42 साल के होने वाले होंगे और उन्होंने स्वीकार किया कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेलना शायद उनके लिए संभव नहीं हो। छेत्री ने कहा, जब मैं सपने देखता हूं, तो मैं एक भारतीय के रूप में, एक प्रशंसक के रूप में अधिक सपने देखता हूं। मैं किसी भी क्षमता में वहां मौजूद हूं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि मुझे पता है कि मैं एक प्रशंसक बनूंगा। मैं भारत द्वारा खेले जाने वाले हर मैच को देखूंगा और अपने देश की हौसलाअफजाई करूंगा। उन्होंने कहा, फिलहाल, मैं शारीरिक रूप से बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं देख सकता हूं कि मैं टीम के लिए योगदान दे रहा हूं, अपने देश और अपने क्लब दोनों के लिए। जब तक मैं इसका आनंद ले रहा हूं, मैं खेलता रहूंगा। छेत्री ने कहा, मुझे नहीं पता कि कितने दिन, कितने महीने, कितने साल बचे होंगे। जिस दिन मैं लुत्फ उठाना बंद कर दूंगा और जिस दिन मैं योगदान नहीं दे पाऊंगा, मेरा काम खत्म हो जाएगा।

छेत्री ने 2005 में पदार्पण करने के बाद से 143 बार भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 93 गोल किए हैं जो किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक गोल हैं। वह वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सक्रिय खिलाड़ियों के बीच क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी के बाद तीसरे सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में कार्यभार संभालने वाले मुख्य कोच इगोर स्टिमक के नेतृत्व में राष्ट्रीय टीम विकसित हुई है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम विश्व रैंकिंग में छठे नंबर पर

**नई दिल्ली/भाषा।** हांगझोउ एशियाई खेलों और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम विश्व रैंकिंग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए छठे नंबर पर पहुंच गई।

भारत अब इंग्लैंड से ऊपर 2368 . 83 रेटिंग अंक के साथ छठे स्थान पर है। भारतीय महिला टीम एशियाई खेलों से पहले आठवें स्थान पर थी। हांगझोउ में भारत ने कांस्य पदक जीता और रांची में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में अपराजेय रहते हुए खिताब हासिल किया। भारतीय टीम पिछले साल भी एफआईएच प्रो लीग के दौरान रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंची थी। नीदरलैंड रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज है जबकि ऑस्ट्रेलिया दूसरे और अर्जेंटीना तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम चौथे और जर्मनी पांचवें स्थान पर है। भारतीय टीम रांची में 13 से 19 जनवरी तक एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर खेलेगी। इसमें उसका सामना जर्मनी, न्यूजीलैंड, जापान, चिली, अमेरिका, इटली और चेक गणराज्य से होगा।

## सुविचार

**जब समझ ना आये दुनियादारी, तो ध्यान करना उस मुरारी का, अगर सारे विश्वास ख़तम हो जाए, तो आसरा रखना बस उस गिरधारी का।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# डीपफेक वीडियो

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का 'डीपफेक वीडियो' कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जुड़े भावी खतरों की एक छोटी-सी झलक है। जिस किसी ने भी यह वीडियो पहली बार देखा, उसके लिए असली-नकली में अंतर कर पाना बड़ा मुश्किल था। ब्रिटिश-भारतीय सोशल मीडिया सेलेब्रिटी के चेहरे को हटाकर रश्मिका मंदाना का 'डीपफेक वीडियो' क्लिप उन बड़े साइबर अपराधों की एक आहट भी है, जिनकी लोगों को बहुत कम जानकारी है। सरकारों को इनसे निपटने के लिए कानून बनाने होंगे, ताकि जो लोग ऐसे कृत्यों में लिप्त पाए जाएं, उन्हें कड़ा संदेश मिले। वर्तमान में फेक न्यूज, मोबाइल फोन हैकिंग और बैंक खातों से रुपए उड़ाने जैसे अपराध बेलगाम होते जा रहे हैं। ऐसा कोई दिन नहीं जाता, जब साइबर अपराधी इन तरीकों से लोगों को चूना नहीं लगाते। अब 'डीपफेक वीडियो' एक नया सिरदर्द है। पुराने साइबर अपराधों के तौर-तरीकों को देखें तो व्यक्ति थोड़ी-सी सूझबूझ से उनकी हकीकत का पता लगा सकता है, लेकिन 'डीपफेक वीडियो' के मामले में तो विशेषज्ञ भी हैरान हैं। रश्मिका मंदाना के नाम से जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, उसे शुरुआत में बहुत ध्यान से देखें तो पता चलता है कि यह फर्जी है। महज कुछ सेकंड में चेहरा 'बदल' जाता है, लेकिन यह बदलाव आसानी से नजर नहीं आता। अभिनेत्री का 'चेहरा' लगाने के बाद भी चेहरे के हावभाव ऐसे नहीं लगते, जिससे किसी को जरा भी शक हो। यह वीडियो खतरे की घंटी है, क्योंकि अपराधी तत्त्व इसमें इस्तेमाल की गई तकनीक से अपराधों को नए स्तर और ज्यादा तीव्रता तक पहुंचा सकते हैं। किसी की छवि खराब करने, आर्थिक अपराधों को अंजाम देने, ब्लैकमेल करने, चुनावों को प्रभावित करने जैसे अपराध समाज और देश को बहुत नुकसान पहुंचा सकते हैं।

अभी हर हफ्ते ऐसी खबरें पढ़ने को मिल जाती हैं, जिनसे पता चलता है कि शरारती तत्त्वों ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट कर सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। 'डीपफेक वीडियो' ऐसे तत्त्वों को नई ताकत दे सकता है, जो बंदर के हाथ में माचिस जैसी स्थिति होगी। इस तकनीक का बेलगाम इस्तेमाल शेयर बाजार में भूचाल ला सकता है। याद करें, पिछले साल नवंबर में जब एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी शरारती तत्त्व ने ब्लू टिक लेकर यह 'जानकारी' पोस्ट कर दी थी कि मशहूर फार्मा कंपनी इंसुलिन मुफ्त उपलब्ध कराएगी। इसके बाद उस कंपनी के शेयर धड़ाम हो गए, जिससे उसे कई बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ था। इस साल अमेरिका में कुछ जाने-माने बैंक दिवालिया हो गए। उनके बारे में सोशल मीडिया पर पहले यह अफवाह फैली कि वे खाता धारकों की राशि लौटाने में सक्षम नहीं हैं। उसके बाद बैंक शाखा की ओर लोगों का हुजूम उमड़ा और खजाना खाली हो गया! 'डीपफेक वीडियो' से अपराधी तत्त्व तो बैंकिंग प्रणाली को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर ही सकते हैं, वहीं शत्रु देशों की एजेंसियां हमारी अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा कर सकती हैं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई, जो भारत में जासूसी, आतंकवाद और नकली नोटों के प्रसार जैसे कृत्यों में शामिल रहती है, उसके द्वारा 'डीपफेक' का बड़े ही शातिराना ढंग से इस्तेमाल किए जाने की आशंका है। हाल में 'हनीट्रैप' के मामले बहुत सामने आए हैं, जिनमें महिलाओं के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट और आपत्तिजनक वीडियो का इस्तेमाल करना पाया गया था। 'डीपफेक' से 'हनीट्रैप' के मामले बढ़ सकते हैं। इससे देश के सुरक्षा तंत्र के लिए नए खतरे पैदा हो सकते हैं। इसके मद्देनजर कड़े कानूनी प्रावधानों के साथ ही सोशल मीडिया कंपनियों को भी स्पष्ट निर्देश देने होंगे। सरकारों को इस विषय में गंभीरता से विचार कर कदम उठाने होंगे।

## ट्वीटर टॉक




राजस्थान में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि राजधानी जयपुर में सरेआम बस पर हमला कर रहे हैं और बस में बैठे लोग किसी तरह से सीट के नीचे छिप कर खुद को बचा रहे हैं। प्रदेश में कुशासन और जंगलराज चरम पर है मगर इस कुशासन का अंत समय आ गया है।

**-दिया कुमारी**



छत्तीसगढ़ में आज लोकतंत्र के पावन उत्सव का दिन है। विधानसभा चुनाव के पहले चरण के सभी मतदाताओं से मेरा अनुरोध है कि वे अपना वोट जरूर डालें और इस उत्सव के भागीदार बनें। इस अवसर पर पहली बार वोट डालने वाले राज्य के सभी युवा साथियों को मेरी विशेष बधाई!

**-नरेन्द्र मोदी**



मोदी जी ने जिस तरह से भाजपा के माध्यम से जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति की है, भारत को सुरक्षित बनाया है, गरीब कल्याण के सूत्र को चरितार्थ किया है। उसी का परिणाम है कि चुनाव कहीं भी हो, विजय भारतीय जनता पार्टी की ही होगी।

**-अमित शाह**

## प्रेरक प्रसंग

# खास के अहसास

अल्बर्ट आइंस्टाइन एक बार रेल यात्रा के दौरान अचानक से यही भूल गये कि वह कहां से आ रहे हैं और उनको किस जगह जाना है। आइंस्टाइन को गवर्नर से सुविधा मिली थी कि यूरोप में किसी भी जगह जाने के लिए रेल का टिकट नहीं लेना होता था। टिकट चैकर से भी कैसे पूछते। आइंस्टाइन ने अपने सहायक से पूछा तो उसने यह तो बता दिया कि आज सुबह गृहनगर से सीधा आ रहे पर जा कहां रहे हैं यह तो आइंस्टाइन खुद भी उसको नहीं बताते थे। इसलिए उसने अनजान बनकर गर्दन हिला दी। अब बड़ी मुश्किल हुई। आइंस्टाइन ने अपना दिमाग दौड़ाया और रेलगाड़ी में कॉफी, बिस्कुट आदि बेच रहे युवक को काफी प्रेम और सम्मान से अपने करीब ही बिठा लिया। अब आइंस्टाइन उस युवक से हाथ जोड़कर आगे आने वाले स्टेशनों का विवरण पूछने लगे। आखिरकार युवक ने जब एक नाम लिया। यह सुनकर अल्बर्ट आइंस्टाइन खुशी से उछल पड़े। वह युवक उनको उसी खुशी में छोड़कर अगले डिब्बे में चला गया। सहायक को काफी अटपटा-सा लगा। एक युवक से इतनी मान-मनौवल उसकी समझ से बाहर था।

## सामयिक

# हमास और इजराइल युद्ध जारी रखने पर आमदा

**अशोक मधुप**
**मोबाइल : 9675899803**

ये यक्ष प्रश्न दुनिया में गूंजने लगा है कि हमास और इस्राइल युद्ध कैसे रुके? दुनिया चाहती है कि युद्ध रुके, शांति हो। इस युद्ध में हो रहे मानवता का विनाश बंद हो। पर प्रश्न है कि हो कैसे ?न इस्राइल मानने को तैयार है न हमास। इन दोनों की जंग में गाजापट्टी का आम नागरिक बच्चे और औरतें मर रही हैं। घायल और बीमार को इलाज नही मिल रहा। गाजापट्टी में हुआ विकास बड़े बड़े भवन, व्यापारिक केंद्र अस्पताल खंडहर में तबदील होते जा रहे हैं। हमास ने सात अक्टूबर को इज़राइल में हमला करके इज़राइल के साथ-साथ क्षेत्र में चल रहे सामान्यीकरण और शांति के प्रयासों को बंद कर दिया। इजराइल पर हमास ने औचक हमला कर सबको चौंका दिया। किया।इस हमले में 20 मिनट में पांच हजार के आसपास राकेट दागे गए।इतना ही नहीं यह इजराइल का सुरक्षा घेरा और दीवार तोड़कर अपनी सुरक्षा और मारक क्षमता के लिए विख्यात इस्राइल में घुंस गए।उन्होंने इस्राइल में भारी तबाही मचाई। इस हमले में इजराइल के एक हजार से ज्यादा नागरिक मारे गए। तीन हजार के आसपास घायल हुए हैं। सूचनाएं हैं कि 250 के आसपास महिला और बच्चों सहित इजराइल के नागरिकों का अपहरण कर लिया। हमास के आंतकियों ने महिलाओं का निवस्त्र कर उनके सम्मान को तार तार करने कोई कसर नही छोड़ी। हमास ने सड़कों पर महिलाओं के नग्न शव घुमाए गए थे और बच्चों को काटकर, जलाकर या अन्य क्रूर तरीकों से मार डाला गया था। इसके बाद इजराइल जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

इजराइल की सुरक्षा व्यवस्था, सेना और गुप्तचर व्यवस्था पूरी दूनिया में विख्यात हैं।इस सबके बावजूद वहां इतना बड़ा नुकसान हुआ। इजराइल के पास दुनिया का आधुनिकतम सुरक्षा, प्रतिरक्षा और विश्व विख्यात सूचनातंत्र है।फिर भी वह इस हमले के सामने विफल होकर रह गया। इससे भी महत्वपूर्ण और बडी बात यह है कि इस्राइल की सैन्य अजेयता की प्रतिष्ठा धूमिल हो गई है। इससे इजराइल बौखलाया हुआ



है। वह गुस्से में बुरी तरह तिलमिला रहा है। परिणाम स्वरूप उसका इरादा हमास को खत्म कर देने का है। एक माह से चालू युद्ध में वह गाजा पर बड़े पैमाने पर हमले कर रहा है।उसका इरादा हमास को पूरी तरह खत्म कर देने का है। इजराइल गाजा पर बड़े पैमाने पर हमले का सहारा ले रहा है ताकि वह उस प्रतिरोध को बहाल करने की कोशिश कर सके जो उसे कभी मिला था, फिर भी यह निश्चित नहीं है कि अगर गाजा को नष्ट कर दिया जाता है और फिर से कब्जा कर लिया जाता है तो भी वह इसे पूरा कर पाएगा।

दरअसल युद्ध हमास और इस्राइल के बीच है। हमास फ़लस्तीन का इस्लामिक चरमपंथी समूह है, जो गाज़ा पट्टी से संचालित होता है। वर्ष 2007 में गाज़ा पर नियंत्रण के बाद हमास के विद्रोहियों ने इसराइल को बर्बाद करने की कसम खाई थी। तब से लेकर हालिया हमले तक ये चरमपंथी संगठन इस्राइल के साथ कई बार युद्ध छेड़ चुका है। दूसरा पक्ष इस्राइल है। हमास और इस्राइल के युद्ध में गाजापट्टी का आम नागरिक बच्चे पिस रहे हैं, इसका युद्ध से कोई वास्ता नही। युद्ध से कोई लेना देना नही। हमास इन्ही गाजापट्टी नागिरिकों बीच छिपे बैठे हैं। इस्राइल की परेशानी है कि वह हमास लड़ाकों और आम नागरिक में भेद कैसे करे? उसने गाजापट्टी का आम नागरिक से पिछले दिनों अपील भी की कि वह गाजा छोड जांए।काफी चले गए, किंतु अब भी बड़ी संख्या में गाजा में रहने को मजबूर हैं। आरोप है कि हमास उन्हें नही जाने दे रहा। वह आम नागरिक की आड़ लेकर बचना चाह रहा है।

उधर इजराइल के प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू का कहना है कि जंग ख़त्म होने के बाद अनिश्चित काल के लिए ग़ज़ा पट्टी की पूरी सुरक्षा की जिम्मेदारी इजराइल के पास होगी। अमेरिकी चैनल एबीसी न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में ये कहा है। इस इंटरव्यू में उन्होंने हमास के कब्ज़े से बंधकों को छुड़ाए जाने तक युद्ध रोकने की मांग को पूरी तरह ख़ारिज कर दिया। उन्होंने कहा, जहां तक समय-समय पर छोटे-छोटे विरामों की बात है - एक घंटा या दो घंटे रुकना - हम पहले भी ऐसा कर चुके हैं। मेरा मानना है कि हम परिस्थितियों को देखेंगे, ताकि सामान, मानवीय मदद अंदर आ सके। अमेरिका, फ्रांस सहित कई यूरोपीय देश इस संघर्ष को अस्थायी रूप से रोकने (पॉज़) की अपील कर रहे हैं। उधर इसराइली सरकार में मंत्री एमिचाई एलियाहू ने हमास के ख़िलाफ़ ग़ज़ा पट्टी में 'परमाणु हथियार के इस्तेमाल' की बात की है। हालाकि इजराइल के प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू ने इसका खंडन किया है, किंतु सरकार के एक मंत्री के बयान से स्पष्ट हो जाता है कि इजराइल इस समस्या से निपटने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है।

हमास के बारे में जानकारी रखने वाले मानते हैं कि सात अक्टूबर को जब हमास ने हमला किया तो उसकी प्लानिंग ने सबको हैरान कर दिया। सात अक्टूबर को किए गए हमले की प्लानिंग से पता चलता है कि हमास लबी अवधि के लिए जंग लड़ने की तैयारी करके बैठा है। जंग शुरू होने से पहले हमास के पास 40 हजार लड़ाके बताए जा रहे थे। इजराइल की बमबारी में नौ हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इजराइल के पास अभी इस सवाल का जवाब नहीं है कि इनमें से कितने हमास के लड़ाके हैं और कितने आम लोग। इजराइली सेना के मुताबिक वो हमास के 50 से ज्यादा टॉप कमांडरों को खत्म कर चुकी है। जंग से पहले हमास के पास 15 हजार रॉकेट्स का जखीरा था। इसमें 8100 से ज्यादा रॉकेट्स इजराइल पर दागे जा चुके हैं। अब भी सात हजार रॉकेट्स बचे हैं। वर्ष 2008 की जंग के वक्त हमास के रॉकेटों की अधिकतम सीमा 40 किमी (25 मील) थी, लेकिन 2021 तक यह बढ़कर 230 किमी हो चुकी है। गाजा में 80 फीट की गहराई में बनी सुरंगें भी हमास के लिए किसी हथियार से कम नहीं हैं।

हमास का प्लान था कि वो इजराइली सैनिकों को सुरंगों के जरिए घेर कर मारेंगे, ताकि इजराइल परेशान होकर जल्द सीजफायर का ऐलान कर दे। इजराइल ने दावा किया है कि वो 100 ऐसी सुरंगों को तबाह कर चुका है। चार नवंबर को इजराइली सेना के प्रवक्ता डेनियल हागरी ने दावा किया कि अब तक की जंग में गाजा अब दो हिस्सों में बंट चुका है। उत्तरी गाजा और दक्षिणी गाजा। उत्तरी गाजा में हम हमास का सफाया कर रहे हैं और दक्षिण में घायलों की मदद। अगर हमें लगता है कि दक्षिण में भी कोई हमास लड़ाका है तो उसे भी मार गिराया जा रहा है। इससे साफ हो गया है कि जंग के 30 दिन पूरे होते-होते इजराइली सेना ने गाजा के दो टुकड़े कर दिए हैं। इतना ही नहीं, महीने भर की इस जंग ने फिलिस्तीन के नक्शे के अलावा हमास की ताकत और मुस्लिम देशों की सियासत को बदलकर रख दिया है। गाजा को हथियारों की सप्लाई ईरान और लीबिया से होती है।

इस्राइल काप्रयास इस आपूर्ति और हमास की आर्थिक मदद रोकने का होगा ताकि वह जल्दी हथियार डाल दे। हमास की तैयारी को देखते हुए लगता है कि वह जल्दी हार नही मानेगा। उसने हमला बहुत सोच समय कर किया होगा।उसने हमले से पूर्व उसके परिणाम पर गंभीरता के साथ सोचा होगा। जैसे उसका हमला चौकाने वाला था, हो सकता है कि हमले के बाद इस्राइल से निपटने की तैयारी भी चौंकाने वाली हों। ऐसे में युद्ध कितना लंबा चलेगा, यह नही कहा जा सकता।

## ज्ञान विज्ञान

# खगोलविदों ने सुपरमैसिव ब्लैक होल के बारे में एक आश्चर्यजनक खोज की

खगोलविदों ने सुपरमैसिव ब्लैक होल के बारे में एक आश्चर्यजनक खोज की है। यह शुरुआती ब्रह्मांड के बारे में हमारी समझ को बदलता है। यह ब्लैक होल यूएचजेड1 नामक आकाश गंगा में मौजूद है। एक चीज जो इस खोज को अविश्वसनीय बनाता है वह यह कि यह महाविशाल ब्लैक होल वैज्ञानिकों की ओर से खोजा गया अब तक का सबसे पुराना है। सबसे खास बात कि यह बिग बैंग के 47 करोड़ साल बाद ही अस्तित्व में आ गया था। यह वह समय था जब ब्रह्मांड बेहद छोटा था। इस ब्लैक होल की विशेषता इसका आकार है। इसका आकार लगभग उसी आकाश गंगा के बराबर है, जिसमें यह मौजूद है। ब्लैक होल इतना दूर है कि यहां से रोशनी को पहुंचने में 13.2 अरब वर्ष लग गए। इसे खोजने के लिए गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग के साथ-साथ चंद्रा एक्स-रे ऑब्जर्वेटरी और जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की संयुक्त शक्ति की जरूरत थी। गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग तब होती है जब आकाश गंगाओं के समूह का बड़ा गुरुत्वाकर्षण अपने चारों ओर स्पेस और समय को मोड़ देता है।

आम तौर पर एक ब्लैक होल का द्रव्यमान होस्ट आकाशगंगा से अनुपात में बहुत छोटा, लगभग आधा प्रतिशत होता है। इससे पता चलता है कि यह ब्लैक होल और यूएचजेड1 आकाश गंगा अपने शुरुआती चरण में है। ब्लैक होल संभवतः एक विशाल गैस के बादल से बना है। यह खोज बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह इस बात का पुख्ता सबूत देता है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड में कुछ सुपरमैसिव ब्लैक होल विशाल गैस के बादलों के जरिए बने थे। यह स्टडी नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशन के लिए स्वीकार की गई है।



## चिंतन

# राजस्थान में बागी बिगाड़ेंगे सत्ता के समीकरण?

**बाल मुकुन्द ओझा**
**मोबाइल : 9414441218**

राजस्थान में चुनावी रणभेरी बज गयी है। राज्य के 200 विधानसभा सीटों के लिए 25 नवंबर को होने वाले चुनाव में 2658 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किये है। राजस्थान में भी दागी और बागी दोनों ही चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे है। करीब 50 सीटों पर भाजपा-कांग्रेस के विधायक, पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता बागी होकर चुनाव मैदान में उतर गए हैं। राजस्थान विधान सभा के चुनाव में बड़ी संख्या में उतरे बागी प्रत्याशी कांग्रेस और भाजपा के सत्ता के समीकरण बिगाड़ रहे है। सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा दोनों को ही बागियों से कड़ी चुनौती मिल रही है। अब भाजपा और कांग्रेस को बागियों से दो-दो हाथ करने होंगे। प्रदेश की 50 से अधिक सीटों पर दोनों पार्टियों में बड़े बागी मैदान में हैं। दोनों पार्टियां अपने वरिष्ठ नेताओं के हस्तक्षेप के बावजूद बागी हुए नेताओं को मनाने में विफल रहीं। दोनों ही पार्टिया नाम वापस लेने की तिथि तक अपने अपने बागियों को मनाने के प्रयास में जुट गई है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के खासमखास रहे कई बड़े कद वाले नेता इस समय बागी उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में है। भाजपा के बागियों में पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, यूनुस खान और निवर्तमान विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या चितौड़गढ़, कोटा से भवानी सिंह राजावत जैसे बड़े नामों के अलावा हाल ही भाजपा का दामन थमने वाले रविंद्र भाटी, शिव, खंडेला से बंशीधर



बाजिया, बाड़मेर से प्रियंका चौधरी, कोटपूतली से मुकेश गोयल, सुमेरपुर से मदन राठौड़, डग से रामचंद्र सुनेरीवाल, लूणकरणसर से प्रभुदयाल सारस्वत, फतेहपुर -से भाजपा से पूर्व पालिका अध्यक्ष मधूसूदन भिण्डा, थानागाजी से रोहिताश घांघल, संगरिया से गुलाब सिंवर, झुंझुनू से राजेन्द्र भाम्बू, बस्सी से जितेन्द्र मीणा, मारवाड जंक्शन से इन्द्र सिह,सुजानगढ से राजेन्द्र नायक, भीलवाड़ा से अशोक कोठारी, लक्ष्मणगढ़ से अल्का शर्मा, पिलानी से पिछला चुनाव लड़ने वाले कैलाश मेघवाल, झोटवाड़ा विधानसभा सीट सेआशुसिंह सूरपुरा, सवाई माधोपुर से आशा मीणा, आदि ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल कर पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों को चुनौती दी है। ये वो नाम हैं, जो भले ही अपना चुनाव जीत न सके, लेकिन बीजेपी के अधिकृत उम्मीदवार का खेल बिगाड़ सकते हैं।

वहीं कांग्रेस में भी बागियों की कमी नहीं है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खासमखास पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच ने सूरसागर से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है। टिकट से वंचित कांग्रेस विधायक जौहरी लाल मीणा और बाबूलाल बैरवा ने टिकट बेचने का आरोप लगाया। सत्ताधारी पार्टी के राजगढ से विधायक जोहरीलाल मीणा, शाहपुरा से विधायक आलोक बेनीवाल, संगरिया से पूर्व विधायक डॉ. परमनवदीप, गंगानगर से नगर परिषद में कांग्रेस की सभापति करूणा चांडक, मालपुरा से गोपाल गुर्जर, बांसवाड़ा से हकरु मईडा, नागौर से हबीब उर रहमान, छबड़ा से नरेश मीणा की पत्नी सुनीता, सादुलशहर से ओम बिश्नोई, सवाईमाधोपुर से अजीजुद्दीन आजाद, सिवाना से सुनील परिहार, महवा से रामनिवास गोयल, मोहसिन रसीद ने टोंक, कांग्रेस के बागी शिव प्रसाद मीणा, गौरव शर्मा, रूपेश शर्मा, राकेश बोयत ने कोटा और बूंदी की अलग-अलग सीटों से नामांकन दाखिल कर निर्दलीय के रूप में ताल ठोंकी है।

पिछले चुनाव में बड़ी संख्या में बागी जीते जो अधिकांश कांग्रेसी थे। गहलोत सरकार के संकट के दौरान बागी जीते विधायकों ने सरकार को अपना समर्थन दिया था। इस बार भी बागी निर्दलीय के रूप में अपना भाग्य आज़मा रहे है। यहाँ एक दल में टिकट नहीं मिलता है तो दूसरे दल से टिकट लेकर चुनावी मैदान में उतरते हैं। कार्यकर्ता भले ही विरोध करते हैं, लेकिन बागी चुनाव जीत भी जाते हैं। इस बार भी कांग्रेस व बीजेपी के साथ ही अन्य दलों में भी बागियों की लम्बी फेहरिस्त देखने को मिल रही है। दूसरी तरफ प्रदेश में दल बदल का खेल भी भाजपा और कांग्रेस ने खुलकर खेला है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने अनेक दलबदलुओं को टिकट दी है। अपनी पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी का दामन थामने वाले नेता पार्टी का अधिकृत उम्मीदवार बनने में कामयाब हुए। बसेड़ी से कांग्रेस विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा को भाजपा ने और भाजपा के पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम सरीखे नेता कांग्रेस का टिकट पाने में सफल हुई। इसके अलावा भी अनेक दल बदलू नेता कांग्रेस और भाजपा में शामिल होकर टिकट प्राप्त करने में सफल हुए है जिससे दोनों ही पार्टियों के कार्यकर्त्ता नाराज़ हुए है।

**महत्त्वपूर्ण**

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

शुभारंभ



हैदराबाद में मंगलवार को हाईलाइफ प्रदर्शनी के शुभारंभ के दौरान मॉडल और फैशन प्रेमी।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण

**श्रीनगर/भाषा**



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को यहां कुपवाड़ा जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की एक प्रतिमा का अनावरण किया। मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी की इस प्रतिमा को उत्तरी कश्मीर जिले में सेना की 41 राष्ट्रीय राइफल्स मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट में स्थापित किया गया है। इस अवसर पर एक पुजारी द्वारा विशेष पूजा भी की गई। यह जिला पाकिस्तान से लगा है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रतिमा हमेशा बहादुर सुरक्षा बलों को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर के संबंध बहुत पुराने हैं तथा संबंधों को और मजबूत किए जाने की जरूरत है।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने कहा कि यह एक एतिहासिक पहल है और उन्होंने 'आम्ही पुणेकर' एवं भारतीय सेना की 41 राष्ट्रीय राइफल्स को इस मौके पर शुभकामनाएं दीं। सिन्हा ने जोर देते हुए कहा कि महान शिवाजी की यह प्रतिमा लोगों और सेना के लिए प्रेरणा का स्रोत होगी।

सिन्हा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, महान योद्धा और स्वराज के संस्थापक शिवाजी नैतिकता के उच्च मूल्यों और अच्छे आचरण के प्रतीक होने के साथ-साथ सभी धर्मों व संप्रदाय का सम्मान करने वाले व्यक्ति थे। बचपन से ही प्रतिभा के धनी शिवाजी ने शत्रुओं के खिलाफ अपनी यादगार जीतों से भारत के नए इतिहास की इबारत लिखी।उपराज्यपाल ने कहा, अपने सैन्य कौशल और नैतिक बल के जरिए शिवाजी ने लाखों भारतीयों को संगठित किया और मराठा साम्राज्य के लिए संप्रभुता हासिल की। उनके सार्वभौमिक और शाश्वत मूल्य आज भी प्रासंगिक हैं और हमें सामाजिक समानता व शांतिपूर्ण माहौल को बनाए रखने का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

# भूख हड़ताल पर बैठीं नोबल पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी

**दुबई/एपी**

नोबल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी ने उनके साथ-साथ अन्य कैदियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने से रोकने और देश में महिलाओं के लिए हिजाब अनिवार्य किए जाने के विरोध में सोमवार को भूख हड़ताल शुरू की। मानवाधिकार कार्यकर्ता को मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के सदस्यों ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

मोहम्मदी (51) के इस फैसले ने उन्हें कैद करने को लेकर ईरान के 'धर्मतन्त्र' (धर्म के नाम पर नियम बनाना) पर दबाव बढ़ा दिया है। मोहम्मदी को एक महीने पहले ही, उनके वर्षों पुराने अभियान के लिए नोबल पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया गया था। मोहम्मदी ने सरकार के हिजाब अनिवार्य करने के फैसले के खिलाफ अभियान चलाया है, जिसपर ईरान सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। इस बीच, जेल में कैद एक अन्य कार्यकर्ता अधिवक्ता नसरीन सोतौदेह को भी चिकित्सा सुविधा की जरूरत है लेकिन अभी तक उन्हें मदद नहीं मिली है। नसरीन को एक नाबालिग लड़की के अंतिम संस्कार समारोह में शामिल होने के लिए गिरफ्तार किया गया था, जिसकी मौत तेहरान मेट्रो में हिजाब नहीं पहनने की वजह से विवादास्पद हालात में हुई थी।

नरगिस मोहम्मदी को मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान 'फ्री नरगिस मोहम्मदी' के एक कार्यकर्ता ने विदेश में रह रहे उनके परिवार के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि नरगिस ने सोमवार को एविन जेल से एक संदेश भेजकर अपने परिवार को सूचित किया है कि उन्होंने कई घंटों पहले भूख हड़ताल शुरू कर दी है।

बयान के मुताबिक, मोहम्मदी और उनके वकील कई सप्ताह से उन्हें (नरगिस) हृदय और फेफड़ों से जुड़ी समस्याओं के लिए किसी विशेषज्ञ अस्पताल में भर्ती कराए जाने की मांग कर रहे हैं। ' कुछ दिन पहले मोहम्मदी के परिवार ने बताया कि उनकी तीन नसें अवरुद्ध हैं और फेफड़ों में भी समस्या है। इसके बावजूद जेल अधिकारियों ने हिजाब पहनने से मना करने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने से इंकार कर दिया। बयान के मुताबिक, नरगिस दो चीजों के विरोध में आज (सोमवार) से भूख हड़ताल पर हैं। पहली, बीमार कैदियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने में विलंब और उन्हें सुविधा प्रदान नहीं करने की ईरान की नीति, जिसके परिणामस्वरूप लोगों की मौत हो रही है। दूसरी, ईरानी महिलाओं के लिए हिजाब अनिवार्य करने की नीति।

# चीन का आयात अक्टूबर में तीन प्रतिशत बढ़ा

**बीजिंग/एपी**

चीन का आयात अक्टूबर में बढ़ा है, लेकिन निर्यात में लगातार छठे माह गिरावट आई है। इससे पता चलता है कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का संकट अभी कायम है।सीमा शुल्क विभाग के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, चीन का आयात अक्टूबर में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में तीन प्रतिशत बढ़कर 218.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं निर्यात 6.4 प्रतिशत घटकर 274.8 अरब डॉलर रह गया। इस दौरान चीन का व्यापार अधिशेष घटकर 56.5 अरब डॉलर पर आ गया। यह सितंबर के 77.7 अरब डॉलर के आंकड़े से 30 प्रतिशत कम है। इसके अलावा यह व्यापार अधिशेष का 17 माह का निचला स्तर है।सितंबर में चीन का निर्यात सालाना आधार पर 6.2 प्रतिशत घटा था।

# देश को गुलामी की ओर धकेलने का कुत्सित प्रयास कर रही कांग्रेस : योगी आदित्यनाथ

**भोपाल/भाषा**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कांग्रेस पर देश को गुलामी की ओर धकेलने का कुत्सित प्रयास करने का और इतिहास से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया।

चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में शाजापुर जिले के शुजालपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने देश को आतंकवाद, उग्रवाद, नक्सलवाद और भ्रष्टाचार दिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस देश को गुलामी की ओर धकेलने का कुत्सित प्रयास कर रही है, जबकि भाजपा देश के स्वाभिमान और आत्मविश्वास को कायम रखने के लिए जानी जाती है। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में शामिल होकर देश की छवि को नुकसान पहुंचाया है।


भाजपा उम्मीदवार और मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार 17 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए शुजालपुर सीट से मैदान में हैं।

आदित्यनाथ ने कहा कि जब आने वाली पीढ़ियां कांग्रेस के इतिहास के बारे में पढ़ेंगी; तो वे उस पार्टी को वोट देना तो दूर, वे उसे छूने को भी तैयार नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हर कदम पर देश के इतिहास का अपमान किया है, जब कांग्रेस सत्ता में थी तो सिखाया जाता था कि मुगल सम्राट अकबर महान थे, जिसका मतलब है कि महाराणा प्रताप महान नहीं थे। उन्होंने कहा, वे अकबर को महान मानते थे लेकिन भाजपा कहती है कि महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महान हैं।

भाजपा नेता ने कांग्रेस पर श्री राम और श्री कृष्ण के अस्तित्व को नकारने और उन्हें मिथक बताने का भी आरोप लगाया।

# फिल्म 'बैंड बज गया दूल्हा फंस गया' का फर्स्ट लुक रिलीज

**मुंबई/वार्ता**



राकी फिल्म्स एलएलपी बैनर के तले निर्मित भोजपुरी फिल्म 'बैंड बज गया दूल्हा फँस गया' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म 'बैंड बज गया दूल्हा फंस गया' में अथर्व नाहर के साथ आकांक्षा दूबे लीड रोल में हैं। इस फिल्म के निर्माता राकेश कुमार सिंह, सह निर्माता डॉक्टर राजेन्द्र सिंह, सुदामा देवी और निर्देशक प्रवीण कुमार गुड्डरी हैं।

अथर्व नाहर कि यह दूसरी फिल्म है जिसको लेकर वह बेहद उत्साहित है और फर्स्ट लुक आउट होने के बाद उन्होंने कहा कि यह फिल्म भी बेहद खास होगी। इसकी कहानी मुझे खूब पसंद आई थी। मैंने इस फिल्म में अपना शत प्रतिशत दिया है। फिल्म के सभी कलाकार ने इस फिल्म को जीवंत करने में अपनी पूरी सहभागिता निभाई है। उम्मीद करता हूं कि जब यह फिल्म रिलीज होगी तब भोजपुरी दर्शकों को पसंद आएगी।

वही फिल्म के निर्देशक प्रवीण कुमार गुड्डरी ने कहा कि यह फिल्म समाज और रिश्तो की कहानी है। इसे हमने बिग स्केल पर बनाया है। इस फिल्म में हम सबों ने एक टीम के साथ मिलकर काम किया है, जिससे कहानी को हम अच्छी तरीके से दर्शकों के सामने प्रस्तुत कर सकें। फिल्म के गीत संगीत और संवाद दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे। जल्दी हम इस फिल्म का ट्रेलर भी लेकर आ रहे हैं।

फिल्म 'बैंड बज गया दूल्हा फंस गया' की शूटिंग की यूपी के आजमगढ़ के खूबसूरत लोकेशन में हुई है। फिल्म के लेखक नवीन रघुबीर झा हैं। छायांकन अशोक पांडा, नृत्य अजित गाडे, महेश आचार्य, कला इमरान का है। इस फ़िल्म के मुख्य कलाकार अथर्व नाहर, आकांक्षा दूबे, अनूप अरोरा, प्रकाश जैस, महेश आचार्य, सन्तोष श्रीवास्तव, गौरव के झा, सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, स्वीटी दत्तानी, ईला पाण्डेय, बबलू खान, रीना मौर्या, सोनिया मिश्रा, पल्लवी कोली, भानु पांडेय, शिवम सिंह , चंदन कश्यप, अमन सिंह आदि हैं। संगीतकार साजन मिश्रा हैं और गीतकार शेखर मधुर एवं नवीन रघुबीर झा हैं।



त्रिपुरा के राज्यपाल एन इंद्रसेन रेड्डी ने मंगलवार को हैदराबाद के राजभवन में तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन से मुलाकात की।

# फिल्म 'ठग लाइफ' मे काम करेंगे कमल हसन

**मुंबई/वार्ता**




दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हसन फिल्मकार मणिरत्नम की फिल्म ठग लाइफ में काम करते नजर आयेंगे। कमल हासन और मणि रत्नम 35 साल बाद साथ काम करने जा रहे हैं। इस फिल्म का टाइटल 'ठग लाइफ' है।मेकर्स ने इसका एक अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में कमल एक ठग के गेट अप में जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आ रहे हैं।

इस फिल्म में कमल हसन के अलावा तृषा कृष्णन, दुलकर सलमान और जयम रवि जैसे कलाकार नजर आएंगे। यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी। इस वीडियो में कमल कहते हैं, 'ऐसा लगता है जैसे इन्होंने मेरे जन्म के वक्त ही मेरे माथे पर लिख दिया था कि शक्तिवेल नायकर क्रिमिनल है, गुंडा है, यकूजा है।'इस फिल्म को कमल हसन ने मणि रत्नम के साथ मिलकर प्रोड्यूस भी किया है। म्यूजिक एआर रहमान का होगा।

# शुभमन गिल को डेट करने पर सारा अली खान ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई/एजेन्सी**



'जरा हटके जरा बचके', 'अतरंगी रे', 'केदारनाथ' और 'सिम्बा' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर एक्ट्रेस सारा अली खान ने भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल को डेट करने के सवाल पर चुप्पी तोड़ी। शुभमन इस वक्त वर्ल्ड कप में बिजी हैं। सारा पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण' के सीजन 8 में एक्ट्रेस अनन्या पांडे के साथ पहुंची। शो के लेटेस्ट प्रोमो के अनुसार, सारा ने एपिसोड के दौरान कई क्लेरिफिकेशन दिए। प्रोमो में शो के होस्ट करण जौहर सारा से कह रहे हैं, आपकी और शुभमन गिल की डेटिंग की काफी अफवाहें उड़ी थी। इस पर सारा ने कहा, आपने गलत सारा को पकड़ लिया है। सारा का सारा दुनिया गलत सारा के पीछे पड़ा है। एक्ट्रेस भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर का जिक्र कर रही थी। मैच के दौरान, शुभमन को दर्शकों ने सारा के नाम से भी चिढ़ाया था। 'कॉफी विद करण' के अपकमिंग एपिसोड में ढेर सारी हंसी, खुलासे और खुलकर बातचीत होगी।

# रश्मिका मंदाना डीपफेक वीडियो मामला: मृणाल ठाकुर, नागा चैतन्य ने की कार्रवाई की मांग



**मुंबई/भाषा**

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के, छेड़छाड़ कर बनाए गए वीडियो (डीपफेक वीडियो) के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मृणाल ठाकुर, नागा चैतन्य और चिन्मयी श्रीपदा सहित बॉलीवुड की कई हस्तियां उनके समर्थन में आगे आई हैं। तथ्य की जांच करने वाले एक व्यक्ति ने ब्रिटिश-भारतीय सोशल मीडिया हस्ती जारा पटेल के मूल वीडियो के साथ रश्मिका मंदाना का 'डीपफेक वीडियो' क्लिप पोस्ट किया और उन्होंने भारत में 'डीपफेक' से निपटने के लिए एक कानूनी और नियामक ढांचे की तत्काल आवश्यकता रेखांकित की। फिल्म 'गुडबाय' में मंदाना के सह कलाकार अमिताभ बच्चन ने इस मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बच्चन इस पर प्रतिक्रिया देने वाले पहले व्यक्ति थे। अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने इस मुद्दे पर आवाज उठाने के लिए मंदाना की प्रशंसा की और उन लोगों से इस मुद्दे पर मूक दर्शक न बने रहने का आग्रह किया, जिन्होंने अब तक चुप्पी साध रखी है। ठाकुर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, इस मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद करने के लिए धन्यवाद रश्मिका, अब तक हमने इसकी (डीपफेक) सिर्फ झलकियां देखी हैं, लेकिन हममें से बहुतों ने चुप रहना ही बेहतर समझा है। हम एक समुदाय, एक समाज के रूप में कहां जा रहे हैं? उन्होंने लिखा, हम लोग एक अभिनेत्री होने के नाते सुर्खियों में हो सकते हैं, लेकिन दिन के अंत में हममें से हर कोई इंसान है। हम इसके बारे में बात क्यों नहीं कर रहे हैं? चुप मत रहिए, अब समय नहीं है। मंदाना ने सोमवार को इंस्टाग्राम के माध्यम से अपनी चिंता व्यक्त की।

मंदाना ने कहा कि वह वीडियो देखकर 'वास्तव में आहत' हुईं, जिसमें एक लिफ्ट के अंदर कसरत करने के दौरान पहनी जाने वाली काले रंग की पोशाक (वनसी) में एक महिला को दिखाया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करके इस महिला (जारा पटेल) के चेहरे में छेड़छाड़ कर इसे इस तरह बना दिया गया कि वह मंदाना की तरह दिखे। रश्मिका ने लिखा, आज एक महिला और एक अभिनेत्री होने के नाते मैं अपने परिवार, दोस्तों और शुभचिंतकों की शुक्रगुजार हूं, जो मेरे रक्षक और सपोर्ट सिस्टम हैं। उन्होंने कहा, लेकिन अगर ऐसा कुछ उस वक्त हुआ होता जब मैं स्कूल या कॉलेज में थी, तो सच में मैं कल्पना नहीं कर सकती कि तब मैंने इसका कैसे सामना किया होता। इससे पहले कि हममें से और लोग इससे प्रभावित हों, हमें एक समुदाय के रूप में और तत्परता से इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

'डीपफेक' एक डिजिटल विधि है जिसके तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल करके उपयोगकर्ता किसी व्यक्ति की छवि को किसी दूसरे व्यक्ति की छवि से आसानी से बदल सकता है। जारा पटेल ने भी मंदाना के डीपफेक वीडियो की निंदा की और कहा कि क्लिप से उसका कोई लेना-देना नहीं है।

पटेल के शरीर पर ही मंदाना के चेहरे के साथ छेड़छाड़ कर डीपफेक वीडियो तैयार कया गया था। पटेल ने इंस्टाग्राम पर लिखा, नमस्ते, मुझे पता चला कि किसी ने मेरे शरीर और लोकप्रिय बॉलीवुड अभिनेत्री के चेहरे का उपयोग करके एक डीपफेक वीडियो बनाया है। डीपफेक वीडियो से मेरा कोई लेना-देना नहीं है, और जो कुछ भी हो रहा है उससे मैं बहुत परेशान और निराश हूं। उन्होंने लिखा ''मैं उन महिलाओं और लड़कियों के भविष्य को लेकर और भी चिंतित हूं जो खुद को सोशल मीडिया पर लाने से और भी डरेंगी। ''

पटेल ने कहा कि इंटरनेट पर जो भी आप देखते हैं, उसकी तथ्य-जांच करें। इंटरनेट पर सब कुछ वास्तविक नहीं है। ''जो कुछ हो रहा है मैं उससे बहुत परेशान हूं।'' अभिनेता नागा चैतन्य ने कहा कि यह बहुत निराशाजनक है कि तकनीक का किस तरह दुरुपयोग किया जा रहा है और भविष्य में क्या ये और बढ़ सकता है, इसके बारे में सोचना और भी डरावना है। चैतन्य ने मंदाना की 'एक्स' पोस्ट के जवाब में लिखा, कार्रवाई की जानी चाहिए और उन लोगों की सुरक्षा के लिए किसी तरह का कानून लागू किया जाना चाहिए, जो इसका शिकार हुए हैं और आगे भी हो सकते हैं।

# परिवार संग नहीं मना पाऊंगी दिवाली : अमनदीप सिद्धू

**मुंबई/एजेन्सी**



एक्ट्रेस अभिनेत्री अमनदीप सिद्धू, जो वर्तमान में शो 'सौभाग्यवती भव-नियम और शर्ते लागू' में नजर आ रही हैं, ने साझा किया कि शो की शूटिंग में बिजी रहने के चलते वह इस बार अपने परिवार के साथ दिवाली नहीं मना पाएंगी। इस बारे में बताते हुए, अमनदीप ने कहा: हर साल, मैं अपने परिवार के साथ दिवाली मनाती हूं, लेकिन इस बार, 'सौभाग्यवती भव' की शूटिंग में बिजी होने के चलते, मैं अपने परिवार के साथ सेलिब्रेट नहीं कर पाऊंगी। उन्होंने कहा, इस बार मुझे अपने परिवार, घर का बना खाना और सारी तैयारियों की याद आएगी, क्योंकि मैं हमेशा अपनी मां के साथ घर को सजाती थी। हालांकि, इस बार मैं पहली बार 'सौभाग्यवती भव' परिवार के साथ दिवाली मनाऊंगी। आप सभी को मेरा मैसेज है कि पटाखे न जलाएं, खुशियां बांटें, मजे करें और आप सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं। अमनदीप 'सौभाग्यवती भव' में सिया का किरदार निभा रही हैं, जबकि धीरज धूपर राघव की मुख्य भूमिका में हैं। 'सौभाग्यवती भव' स्टार भारत पर प्रसारित होता है।

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

8

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com

चेन्नई | बुधवार | 08-11-2023 /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8


आगम उसे कहते है, जो दोषों को घटाएं और गुणों को बढ़ाएं। परमात्मा की वाणी धन्य है। तीनों लोक में उज्जवल है। यह वाणी देवलोक के सुख से भी अमूल्य है। हम देख रहे हैं देवभद्र और यशोभद्र जो संयम पथ पर बढ़ने की आज्ञा मांगते है। अपने माता-पिता से कहते है कि संसार के सुख नश्वर है हमें परम सुख को पाना है इसलिए हमें आज्ञा प्रदान कीजिए। हमें दीक्षा लेने दीजिए, यह भोग संसार का सुख क्षण मात्र के लिए हैं और बहुत काल तक दुख का कारण बनता है। आप मुझे संसार का आनंद लेने के लिए कह रहे हैं यह हमेशा हमें स्मरण रखना है कि जन्म मरण सबसे अधिक दुख का कारण है।

## जीवन विकास के सभी गुणों में ईमानदारी एक सर्वोत्तम गुण है : देवेंद्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। जिस प्रकार काँटों के बीच में गुलाब का फूल सबका ध्यान आकर्षित करता है उसी प्रकार एक ईमानदार व्यक्ति समाज में लोगों का ध्यान आकर्षित करता है, समाज मे एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करता है। ऐसे लोगों का सभी सम्मान करते हैं, उनकी बातें मानते हैं और उनका अनुसरण करते हैं। उपरोक्त बातें आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने नोर्थटाउन के श्री सुमतिवल्लभ जैन संघ में प्रवचन देते हुए कही। वे आगे बोले कि ईमानदार व्यक्ति न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक रूप से भी स्वस्थ रहता है वह सभी प्रकार की चिंताओं परेशानीयों से दूर रहता है। जब हमारा मन शांत और स्वस्थ हो तो हम बीमारियों से मुक्त रहते हैं। ईमानदार व्यक्ति समाज में उचित स्थान प्राप्त करते हैं लोग उन्हें, ऐसे लोगों पर विश्वास करते हैं और उनका आदर करते हैं। ऐसे व्यक्तियों से सभी संबंध बनाकर रखना चाहते हैं। जीवन विकास के सभी गुणों में ईमानदारी एक सर्वोत्तम गुण है। जीवन में इस गुण की वजह से कई परेशानियों का हल मिल जाता है। ईमानदारी जीवन को शांति और सफलता की ओर ले जाता है। ईमानदारी जीवन में बहुत अधिक विश्वास और सराहना प्रदान करता है। सादगी के साथ एक ईमानदारी से घर और समाज में एकरूपता आती है। ईमानदारी एक ऐसी संपत्ति है, जो शांतिपूर्ण जीवन और गरिमा के साथ सफलता हासिल करने में मदद करती है। ईमानदारी से व्यक्ति को जीवन में आवश्यक चीजों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। ईमानदार व्यक्ति ज़िंदगी के किसी भी क्षेत्र में असफल नही होता। ईमानदारी सबसे अच्छी नीति है क्योंकि इसकी वजह से ही महान लोगों ने आम लोगों का विश्वास जीतकर महान साम्राज्य बनाया। ईमानदार होना थोड़ा कठिन और कठिन है लेकिन यह बहुत आगे जाता है और हमें लाभ पहुंचाता है। बेईमान होना आसान है लेकिन बहुत ही कम समय का होता है और जीवन को कष्टदायक बना देता है। आचार्य श्री आगे बोले कि बेईमान लोग परिवार के साथ-साथ समाज में भी अपना सम्मान खो देते हैं। झूठ बोलने वाला रिश्तों को बर्बाद कर देता है और लोगों का विश्वास खो देता है।

अक्सर देखा जाता है कि लोग स्थितियों को बचाने के लिए झूठ बोलते हैं। ऐसा करके वे स्थिति को और भी खराब कर देते हैं। ईमानदारी ही सफलता का साधन है और जीवन की सभी परिस्थितियों पर विजय पाने का हथियार है।

## धर्म की पाल बांधने से जीवन संवरता है और आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति : महासती धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। धर्म की पाल बांधने से जीवन संवरता है और आत्मा को मोक्ष। मंगलवार साहुकारपेट जैन भवन में महासती धर्मप्रभा ने श्रावक-श्राविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि संसार मे जितने भी महापुरुष हुए उन्होंने धर्म की शरण लेकर अपनी आत्मा को मोक्ष दिलवाया। संसार में भक्ति का मार्ग मनुष्य के लिए मोक्ष की प्राप्ति के द्वार खोलता है परंतु भक्ति पूर्ण लगन से होनी चाहिए। भक्त पूरी तरह से स्वयं भी भगवान की शरण में सौंप दे। सांसारिक बातों से कोई मोह न रखें तो वह धर्म की पाल को बांधकर अपनी आत्मा को मोक्ष दिलवा सकता है। व्यक्ति को भाग्यवादी न बनकर कर्मवादी बनना चाहिए। अच्छा और सात्विक आचरण एवं अच्छे कर्मों के द्वारा ही व्यक्ति इस जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। मनुष्य को यह नहीं सोचना चाहिए कि दूसरे क्या कर रहे है उसे स्वयं की सोच रखकर अपनी आत्मा के उत्थान का लक्ष्य लेकर धर्म के सहारा लेकर जीवन को सुखमय बनाना चाहिए।

तभी वह आत्मा को संसार से मुक्ति दिलवा पाएगा। साध्वी स्नेहप्रभा ने श्रीमद उत्तराध्ययन सूत्र के छब्बीसवें अध्याध्य सामायरी पाठ का वर्णन करते हुए कहा कि बड़ों की आज्ञा का पालन जो संत हो या गृहस्थ करता है तो वह महान और बड़ा बन जाएगा। ज्ञान जीवन में आ गया और बड़ों का सम्मान करना नहीं आया तो उसका ज्ञान प्राप्त करना व्यर्थ है बड़ों के प्रति नम्र और विनय के गुण आने पर ही वह संसार में महान बन पाएगा।

श्रीसंघ के कार्याध्यक्ष महावीर चन्द सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया धर्मसभा में उपवास के आयंबिल के प्रत्याख्यान लेने वालों का सुरेश चंद डूगरवाल, शम्भूसिंह कावड़िया मंत्री सज्जनराज सुराणा और पृथ्वीराज वाघरेचा ने स्वागत किया।

## अभिषेक ब्रह्मर्षि प्रियदर्शी बने एमएलसी ग्रेजुएट सीट के उम्मीदवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता व रियल एस्टेट व्यवसायी अभिषेक ब्रह्मर्षि प्रियदर्शी वर्ष 2024 में कर्नाटक के विधानपरिषद ग्रेजुएट सीट के लिए उम्मीदवार बने हैं। ज्ञातव्य है कि अभिषेक पिछले कई वर्षों से सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हुए है और उत्तर भारतीयों के सहायता और सहयोग के लिए कार्य कर रहे हैं। कर्नाटक विधानपरिषद ग्रेजुएट क्षेत्र के लिए वर्ष 2024 में चुनाव होगा।

अभिषेक ब्रह्मर्षि प्रियदर्शी ने उम्मीद जताई है कि अब तक इस सीट के लिए उत्तरभारतीय व्यक्ति को मौका नहीं मिला है और यह अपने प्रतिनिधित्व के लिए सुनहरा मौका है।



## धुआं मुक्त दीपावली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां एक्सनोरा इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे हरित प्रदेश अभियान द्वारा धुआं मुक्त दीपावली मनाने का संदेश कई स्कूल, कॉलेज, धार्मिक पाठशाला में विस्तार से जानकारी दी। फतेहराज जैन ने कहा कि धुआं एवं पटाखों की आवाज से अस्थमा, उम्र वाले लोगों, पक्षियों को हानि होती हैं इसलिए धुआं मुक्त दिपावली मनाने का निर्णय लिया एवं पौधे वितरण कर पर्यावरण को बसाने की जानकारी देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण से हर तरफ हरियाली एवं खूशियाली होगी विद्यार्थियों ने इस साल धुआं मुक्त दिपावली मनाने का निर्णय लिया। इस जानकारी को हर घर पहुंचे ऐसा आश्वासन दिया, आज रामापुरम स्तिथ एमजीआर होम हायर सेकेंडरी स्कूल में दिव्यांग बच्चों के साथ पर्यावरण के प्रति प्रेम दिखाते हुए दिवाली मनाई गई, स्कूल के बच्चों ने पूरे परिसर में दीप प्रज्वलित किए, इस मौके पर स्कूल के 200 से अधिक बच्चों में मिठाइ एवं कपड़ों का वितरण करने के अलावा हरित प्रदेश अभियान के तहत लगभग 50 पौधे का रोपण किया गया।

इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल लता राजेंद्र, श्री कंदराजा, हरिनारायण, एक्सनौरा के गोविंदराज, आनंद लक्ष्मण, वसुंधरा, वेंकट सुब्रमणियन आदि उपस्थित थे।

## इस दीपावली दक्षिण रेलवे 12 सेक्टरों में चलाएगा 60 से ज्यादा सेवाएं

### चेन्नई और तिरुनेलवेली के बीच वंदे भारत विशेष सेवाएं भी शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। त्योहरी सीजन में दक्षिण रेलवे अतिरिक्त भीड़ को कम करने देश के विभिन्न हिस्सों में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए 12 सेक्टरों में विशेष ट्रेनों की 60 से अधिक सेवाएं चलाएगा। इसके तहत जुड़े हुए प्रमुख गंतव्य/रूट चेन्नई/ताबरम-तिरुनेलवेली/नागरकोइल सेक्टर, चेन्नई-कोयंबटूर/मंगलूरु सेक्टर और कोचुवेली-एसएमवीटी बेंगलूरु समेत अन्य होंगे।

अब तक, दीपावली के लिए दक्षिण रेलवे द्वारा इन क्षेत्रों में विशेष ट्रेनों की 60 सेवाएं निर्धारित की गई हैं: चेन्नई - नागरकोइल - चेन्नई (11 सेवाएं) चेन्नई - तिरुनेलवेली - चेन्नई (8 सेवाएं) कोचुवेली - एसएमवीटी - कोचुवेली (4 सेवाएं) चेन्नई - संतरागाछी - चेन्नई (6 सेवाएं) चेन्नई - भुवनेश्वर - चेन्नई (6 सेवाएं) नागरकोइल - एसएमवीटी - नागरकोइल (6 सेवाएं) एर्नाकुलम - धनबाद (1 सेवा) नागरकोइल - मंगलूरु जंक्शन (3 सेवाएं) मंगलूरु - नागरकोइल (3 सेवाएं) चेन्नई - मंगलूरु - चेन्नई (6 सेवाएं) तिरुनेलवेली - चेन्नई (6 सेवाएं)।

ये दीपावली विशेष ट्रेनें सीजन के दौरान दक्षिणी राज्यों तमिलनाडु और केरल के साथ-साथ देशभर के अन्य महत्वपूर्ण गंतव्यों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। तांबरम-नागरकोइल-मंगलूरु और मंगलूरु से नागरकोइल होते हुए तांबरम तक की कुछ सेवाएं राज्यों को निर्बाध रूप से जोड़ती हैं। इसके अलावा, अन्य क्षेत्रीय रेलवे ने दक्षिणी रेलवे के गंतव्यों को कवर करने वाली दिवाली विशेष ट्रेनों की 36 सेवाओं को अधिसूचित किया है।

### दीपावली विशेष वंदे भारत सेवाएं

दीपावली महोत्सव के दौरान अतिरिक्त भीड़ के लिए नौ नवंबर (गुरुवार, यानी गैर-सेवा दिवस पर भी) को चेन्नई एग्मोर - तिरुनेलवेली - चेन्नई एग्मोर सेक्टर में वंदे भारत दीपावली विशेष सेवाओं की एक जोड़ी संचालित की जाएगी।

इस तरह, ट्रेन संख्या 06067 चेन्नई एग्मोर - तिरुनेलवेली वंदे भारत स्पेशल नौ नवंबर को चेन्नई एग्मोर से 06.00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन (1 सेवा) 14.15 बजे तिरुनेलवेली पहुंचेगी। वापसी की दिशा में, ट्रेन संख्या 06068 तिरुनेलवेली - चेन्नई एग्मोर वंदे भारत स्पेशल नौ नवंबर को 15.00 बजे तिरुनेलवेली से रवाना होगी और उसी दिन 23.15 बजे चेन्नई एग्मोर पहुंचेगी, केवल एक फेरा ही होगा।

## दुख से बचे और साधना में वापस जाए : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि जब भी जीवन में दुख आए तो सबसे पहले दुख क्यों आया उसकी जांच करें। फिर किन कारणों के संयोग से यह पाप हुआ उसको ट्रेक करें तथा फिर जिस परिस्थिति में पाप हुआ है उससे धर्म में वापसी करके तप साधना में लग जाए अर्थात बेक करे। गुरुओं की प्रेरणा से आचरण करना मतलब उनके प्रति रेस्पॉन्स है। यदि कहा हुआ नहीं करा तो वह नौ रेस्पॉन्स होगा। कहा हुआ करने में विलंब या ताल-मटोल किया तो डिले रेस्पॉन्स' और जो कहा गया है उसके विपरीत कार्य करना रिवर्स रेस्पॉन्स' है। अतः यह तय करना है कि हमें कौन सा रेस्पांस करना है। हमारे दो चेहरे होते हैं एक पब्लिक को दिखाने वाला जिसमें हम अपने दोष छिपा लेते हैं और दूसरा पर्सनल चेहरा जिसमें अपने दोष स्वयं देखते है इसलिये हम अपने दोषों को दूर कर लें इसी में स्वयं एवं संसार का हित है। मेघराज भंसाली, सुरेशकुमार वाणीगोता, दिलीपकुमार कांकरिया, मांगीलाल वेदमुथा, नेमीचंद वेदमुथा, हेमराज मोदी, कांतिलाल गांधीमुथा, कीर्तिकुमार बंदा मुथा, जयंतीलाल पटियात, प्रदीप वेदमुथा, कैलाश पटियात, कांतिलाल मेहता, बाबूलाल छत्रगोता आदि उपस्थित रहे।

## विभाव, दुर्भाव सामाजिक असंतुलन का कारण है : मुनि यशस्वीप्रभ विजय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां किलपॉक जैन संघ में विराजित आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी म.सा. के शिष्य मुनि यशस्वीप्रभ विजयजी म.सा. ने प्रवचन में कहा कि ये पांच चीज विश्व को बहुत तकलीफ देती है, पर्यावरण असंतुलन, सामाजिक असंतुलन, संबंध का असंतुलन, शरीर का असंतुलन और आध्यात्मिक असंतुलन। प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने और जीवहिंसा के कारण पर्यावरण असंतुलन बनता है। विभाव, दुर्भाव सामाजिक असंतुलन का कारण है। तनाव व रोगों में वृद्धि के कारण अवसाद जैसे रोग उत्पन्न होते हैं। खानपान में असंतुलन भी इसका एक कारण है। उन्होंने कहा पुणिया श्रावक के जैसी आध्यात्मिकता आज देखने को नहीं मिलती। पुणिया श्रावक के सामायिक की प्रशंसा महावीर भगवान ने की थी। लेकिन इसके अलावा परिग्रह परिमाण रखना, साधर्मिक भक्ति करना, आजीवन वर्षीतप और ब्रह्मचर्य पालन करना भी पुणिया श्रावक की विशेषताएं थी।

मुनिश्री ने कहा कि समाधिमरण के दस उपाय बताए गए हैं अतिचार की आलोचना करना, गुरु के समक्ष बारह व्रत धारण आदि करना, सकल जीवयोनि की क्षमापना करना, 18 पापस्थानकों का त्याग करना, चार शरणा स्वीकार करना, पूर्व भव के पापों की आलोचना करना, सुकृतों की अनुमोदना करना, सोलह भावना से भावित होना, पचक्खाण लेकर सोना, सुबह और रात्रि में % नवकार का स्मरण करना। उन्होंने कहा वृद्धावस्था में मौन व्रत रखना चाहिए, अपना मन बड़ा रखना चाहिए, मन को शांत रखना चाहिए, मन को ममत्व मुक्त रखना चाहिए, जीवन में सकारात्मकता रखनी चाहिए, जीवन में प्रभु, प्रकृति, पुण्य, परिवार का आभार मानने यानी आभारात्मक सोच आनी चाहिए। उन्होंने कहा अंतिम समय में क्रोध करने वाले नरक में जाते हैं।

## जिनवाणी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत





चेन्नई। यहां पुरुषवाक्कम के एएमकेएम में विराजित साध्वी श्री चैतन्याश्रीजी महाराज साहब ने अपने प्रवचन में बताया कि परमात्मा प्रभु महावीर की पवित्र जिनवाणी को हम श्रवण कर रहे हैं प्रभु महावीर की अंतिम देशना में मनुष्य देवता तिर्यंच जहां आकर एक भव अवतारी बनने का रिजर्वेशन करते हैं। उत्तराध्ययन सूत्र का सतावीसवां अध्ययन में प्रभु ने बताया कि मां के समान है। यह जिनवाणी है जैसे मां हर कदम पर बच्चों का ध्यान रखती हैं वैसे ही जब कोई नया साधक जिन शासन में आते हैं तो उसे अष्ट प्रवचन माता पर सावधान करती रहती हैं। जो सही रास्ता बताती है हमारा जीवन का खतरा दूर करती है खल्लुक याने बिच्छू के जैसा शब्दों का प्रयोग होता है प्रभु ने इस अध्ययन में दो बैल बताए हैं। एक विनीत और दूसरा अविनीत विनीत बेल जो सही मार्ग को छोड़ता नहीं जल्दी लक्ष्य को पार करता है और दूसरा खल्लुक यानी अविनीत बेल जो विषम मार्ग में चलता है और कभी इधर कभी उधर जाता है और चाबुक की मार खाता है। पर सुधरता नहीं और मार खाते-खाते ही वह अपने जीवन लीला को समाप्त कर देता है। इसी से सुविनीत और अविनीत दो शिष्य बताएं है। गर्गाचार्य जिनके 500 शिष्य थे वह तीन प्रकार के स्थविर थे उनके पास अनुभूतियों का खजाना था शास्त्र का ज्ञान था गर्गाचार्य को भी गणधर कहा गया क्योंकि संयम का बल गुणों के बल से विभूषित थे शिष्य के लिए गलिगरदक उपमा दी गई है अविनीत शिष्य को अड़ियल घोड़ा कहा गया है। शिष्य अगर गुरु को विपरीत मार्ग में ले जाते हैं तो उन्हें शिक्षा देकर फिर से स्थिर करके उन्हें समझाते हैं हर वक्त समझाते हैं पर निश्चित करने के लिए तैयार ही नहीं होता है तो संयम साधना के लिए शिष्य को छोड़ देना चाहिए। गर्गाचार्य ने संयम साधना के लिए 500 शिष्य को छोड़ दिया और अपने साधना में आगे बढ़कर अनुत्तर सिद्धि को प्राप्त किया। अठाविसवा अध्ययन में मोक्ष मार्ग बताया है जहां पर जाने के बाद वापस जन्म मरण से छुटकारा मिल जाता है और परम सुख को प्राप्त कर लिया जाता है सह मंत्री महेंद्र पुंगलिया ने बताया कि आज की धर्म सभा मे अनेक क्षेत्रों से श्रद्धालु उपस्थित थे यह जानकारी पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचन्द पावेचा ने दी।

## हिंसा के बदले में पैदा हुई नफरत हमेशा के लिए होती है : आचार्य महेन्द्रसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



राणेबेन्नूर। शहर के सुमतिनाथ जैन संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने कहा कि भगवान महावीर ने लगातार साढ़े बारह वर्ष तक सिद्धि के लिए साधना ही नहीं परन्तु महा साधना की और साधना के अंत में उन्हें सिद्धि के रूप में कामयाबी मिली। आठों ही कर्मो के साथ उन्होंने जग खेला और उन आठों कर्मों में प्रमुख सेनापति मोहनीय कर्म था। मोहनीय सेनापति को और शेष सेना को भी उन्होंने भगा दिया, परास्त कर लिया और वे विजयी बने। बचपन से ही जिनके महानता के लक्षण दृष्टिगोचर हो रहे थे। उन्होंने प्राणियों के कल्याण के लिए, सुख के लिए की और हित के लिए तप, त्याग, साधना का मार्ग अपनाया था। भगवान मरने को तैयार थे परन्तु उन्होंने कभी मारने की सोची भी नहीं। उनका मानना था कि हिंसा के बदले में पैदा हुई नफरत हमेशा के लिए होती है।



## महिला मंडल के स्नेह मिलन में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल आरआर नगर द्वारा रंगारंग दिवाली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अध्यक्षा सुमन पटावरी ने आगंतुक सभी का स्वागत किया। केन्द्र निर्देशित मिलेट धान्य से बने व्यंजन एवं पारंपरिक लोक परिधान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नेहा बैद ने मिलेट धान्य की महत्ता से सबको अवगत कराया। पाक कला मे संतोष दुगड ने प्रथम स्थान, अनु कोठारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लोक परिधान प्रतियोगिता में प्रथम रहे बिहारी युगल के रूप में सपना तातेड़ व निधि दुगड़ एवं द्वितीय रहे असामी युगल के रूप में रुचिका पटावरी व मणि चौरडिया। अभातेममं द्वारा संचालित तत्त्वज्ञान परीक्षा के भाग 4 की परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली वंदना भंसाली का सम्मान किया गया।

सदस्याओं द्वारा राजस्थानी आकर्षक लोकनृत्य एवं हास्य नाटिका, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।रंगोली में सोनू सुराणा प्रथम, अनु कोठारी द्वितीय स्थान पर रही। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। दिवाली धमाका बंपर प्राइज की घोषणा हुई। कार्यक्रम की संयोजिका आशा लोढ़ा एवं सहसंयोजिका कविता सुराणा ने अपनी टीम के साथ व्यवस्था संभाली। आभार मंत्री पदमा महेर ने किया।

## नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर राजनीति नहीं होनी चाहिए : नायडू

नई दिल्ली/भाषा। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने मंगलवार को कहा कि राज्यों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के क्रियान्वयन पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

नायडू ने छात्रों और उनके अभिभावकों को घर में अपनी मातृभाषा में बात करने की सलाह दी, साथ ही इस बात पर जोर भी दिया कि किसी पर कोई भाषा थोपी नहीं जानी चाहिए। वह इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 वर्तमान शैक्षिक प्रणाली में बहुत सारे बदलाव ला रही है। प्रत्येक विश्वविद्यालय और शिक्षक को नीति को पढ़ना चाहिए और इसे अच्छी भावना से लागू करना चाहिए।

नायडू ने अपने संबोधन में कहा, यह सभी राज्य सरकारों से मेरी अपील है। एनईपी के क्रियान्वयन पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए क्योंकि यह देश के पक्ष में है।

## महापुरुषों का हृदय स्वयं के लिए वज्र और दूसरों के लिए मक्खन होता है : साध्वी प्रतिभाश्री

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में अक्कीपेट स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. ने कहा कि उत्तराध्ययन सूत्र का संगाहन चल रहा है। उत्तराध्ययन सूत्र का बाईसवां अध्ययन है रहणेमिज्झं अर्थात रथनेमी। इस अध्ययन में भगवान अरिष्ठनेमिनाथ के जीवन का चित्रण किया गया है। महापुरुषों का हृदय स्वयं के लिए वज्र से भी कठोर होता है और दूसरों के लिए मक्खन से भी अधिक मुलायम होता है। पशुओं की करूण चित्कार ने अरिष्ठनेमी को भोग से त्याग की और मोड़ दिया तो राजमती की कठोर परंतु विवेकपूर्ण वाणी में रथनेमी के जीवन को पतीत होने से बचा लिया। संगति का जीवन पर प्रभाव पड़ता है। तेइसवां अध्ययन है केसिगोयमिज्झं। इस अध्ययन में केशीकुमार श्रमण और गणधर गौतम स्वामी का संवाद उल्लेखित है। चौबीसवां अध्ययन है समिईयों्। इस अध्ययन में पांच समिति तीन गुप्ती अर्थात अष्ट प्रवचन माता का वर्णन है। माता का जीवन में अनूठा स्थान है। वह पुत्र को उन्मार्ग से बचाती है। सन्मार्गगामी बनाती है।


Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.


Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.